हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–49 : जौनपुर, बुधवार 12 अक्टूबर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## संतों की दी हुई शिक्षाओं पर गर्व करता है भारत – मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

अयोध्या ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोलाघाट स्थित अम्मा जी मंदिर में जगद्गुरु रामानुजाचार्य की 5 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। इस प्रतिमा को स्टेचू ऑफ यूनिटी का नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के इस धराधाम पर 120 वर्षों बाद रामानचार्य जी की प्रतिमा का अनावरण हुआ। आप सबको बधाई व आभार। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि भारत दुनिया के अंदर ज्ञान की भूमि है। यहां वेदों की परंपरा का साक्षात दर्शन होता है। वेदों की परंपरा और मंत्र ऋषियों ने उद्घाटित किये। यही भारत की परम्परा है। संतों–ऋषियों का सानिध्य भारत को प्राप्त हुआ। अद्वैत हो या द्वैत हो ये मंजिल पर पहुंचने के अलग–अलग मार्ग हैं। हमारे संतों ने हमें वो रास्ता दिखाया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारतीय मनीषा में ऋषियों ने हमेशा यही कहा, महाजनों येन गतः सपंथा। यही भारत की विराटता है इसीलिए कहा गया एकम सत्य विप्रा बहुदा वदन्ति। वर्षों पहले स्वामी रामानुजाचार्य जी ने आक्रांताओं से बचने के लिए एक द्वैत मार्ग दिखाया। उससे पहले शंकराचार्य जी ने अद्वैत मार्ग हमको दिखाया। ये सभी दर्शन हमको अलग अलग कालखंड में दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि आज भारत अपने संतों की उन शिक्षाओं पर गर्व करता है। कल हम सबने उज्जैन में महाकाल के भव्य रूप का दर्शन किया। इससे पहले हमने काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण देखा। उससे पहले बाबा केदारनाथ के पुनरुद्धार को देखा। उससे पहले हमने अयोध्या में भव्य राम मंदिर के शिलान्यास को देखा। यही नया भारत है। हमको इस पर गर्व की अनुभूति



होनी चाहिए। स्वामी रामानुजाचार्य जी इस धराधाम पर अवतरित हुए थे। राम मंदिर के पहले उनकी प्रतिमा का अनावरण हो रहा है। यह गर्व का विषय है.। इस मठ द्वारा अनेक गरीब कल्याणकारी कार्य किये जा रहे हैं। ये सारे कार्य धर्म के ही कार्य हैं। हमारे मठ मंदिर प्राचीन काल से ही अन्न भोज का कार्य कर रहे हैं। इसीलिए कहा जाता है कि जात पात पूछे नहीं कोई, हरि का भजे तो हरि का होइ। इसी मार्ग पर हमको चलकर सनातन धर्म के मूल्यों को मजबूत करना है। लोककल्याण के लिए सनातन धर्म ही नहीं सभी भक्त जब उस परंपरा से जुड़ेंगे तो हम एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने में सफल होंगे। मुख्यमंत्री के अयोध्या पहुंचने से पहले हिंदू महासभा के प्रदेश मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र को नजरबंद कर दिया गया। उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। उनके आवास पर पुलिस तैनात है। सीएम योगी के अयोध्या दौरे को लेकर राकेश दत्त मिश्र ने ज्ञापन देने की घोषणा की थी। ज्ञापन में तहसील सदर के एक लेखपाल को बर्खास्त करने मांग की गई है।

## राम वन गमन का दृश्य देख भावविभोर हुए दर्शक

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : क्षेत्र के ग्राम सभा मोहरियाव में चल रहे आदर्श रामलीला धर्म मंडल समिति के अथक प्रयास से चला आ रहा है। मंगलवार की रात रामलीला में राम वन गमन का दृश्य देखकर सभी दर्शक भाव विभोर हो गए। कैकई को भवन में बाल बिखरे हुए लेटी हुई थी राजा दशरथ को भवन में प्रवेश करते हैं और फिर कैकई ने अपने वचन को मांगने की जिद करके लेटी हुई रहती है तो राजा दशरथ मनाते हैं तब राजा दशरथ बोलते हैं कि मांगू जो पर मांगना है तब रानी कैकेई भगवान श्री राम के 14 वर्षों के लिए वन गमन कावर मांगती है और राजा दशरथ विलाप करते हैं और बोलते हैं कि रानी कोई दूसरा वर मांग लो परंतु रानी कई कई अपने वरदान पर पड़ी हुई होती है भरत को अयोध्या का राज सिंहासन देने के लिए टिकी हुई है फिर भगवान राम अपने पिता की आज्ञा का पालन करने हेतु 14 वर्षों के लिए बन के लिए रवाना होते हैं जहां पर



पूरे अयोध्यावासी रोने लगते हैं लक्ष्मण और सीता भी साथ जाती हैं उसके बाद राजा दशरथ की मृत्यु हो जाती हैं। जनसमूहों ने भरपूर आनंद लिया।जिसमें राम का रोल सिंटू मिश्रा,सीता कार्तिकेय विश्वकर्मा, लक्षण ईश्वर दुबे ,मंथरा सोनू तिवारी, वशिष्ठ पप्पू पांडे, दशरथ ओम प्रकाश तिवारी (बबलू), कैकयी साजन तिवारी, सुमंत बड़े चौबे,कौशल्या का रोल चंदन पांडे ने अदा किया । रामलीला का मंचन कैकेयी कोप भवन, राम वन गमन एवं दशरथ मरण तक किया गया।

## बाढ़–बारिश से बर्बाद हुई सब्जी की फसल : तेजी से बढ़ रही हैं कीमतें

प्रयागराज ब्यूरो : बाढ़–बारिश की वजह से परेशानी और बढ़ गई है। इससे सबसे अधिक नुकसान सब्जियों की फसलों को हुआ है। इसकी वजह से मौसम में भी सब्जियों की कीमत में कमी तो दूर उलटे बढ़ रही है। कछारी इलाके में बड़े स्तर पर सब्जियों की खेती होती है। भिंडी, तरूई समेत कई सब्जियों का विदेश तक निर्यात किया जाता है लेकिन इस बार पूरी फसल बर्बाद हो गई है। अक्तूबर में 11 दिन बीत गए हैं लेकिन कछारी क्षेत्रों से बाढ़ का पानी अभी तक नहीं निकला है। उलटे तीन दिनों से हो रही बारिश की वजह से जल स्तर बढ़ गया है। इसकी वजह से निचले क्षेत्रों में पानी भर गया है। फाफामऊ में भिंडी और टमाटर की खेती करने वाले बबलू पटेल का कहना है कि पानी लगने की वजह से नए पौधे रोपे ही नहीं जा सके हैं। सब्जियों का निर्यात करने वाले कौड़िहार के मुन्ना पटेल का कहना है कि जो पैदावार हो रही है वह भी खराब है। उनका कहना है कि निचले क्षेत्रों में पानी लगने तथा लगातार बारिश की वजह से गोभी की फसल तो पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। फसल बढ़ ही नहीं पा रही तथा कीड़े लगने की भी शिकायत है। कृषि संस्थान कौशाम्बी के वैज्ञानिक डॉ.मनोज सिंह का कहना है कि यह मौसम किसी भी फसल के लिए अच्छा नहीं है। इससे सब्जियों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। इसका नतीजा है कि सब्जियों की कीमत में भी बढ़ोतरी बनी हुई है। टमाटर तो 60 से 70 रुपये प्रति किग्रा में मिल रहा है। भिंडी, नेनुआ 40 रुपये प्रति किग्रा में बिक रहे हैं। अक्तूबर महीने में अच्छी गोभी की आमद शुरू हो जाती थी लेकिन इस बार स्थिति ठीक नहीं है। छोटे एवं दागदार गोभी के फूल भी 20 से 30 रुपये में मिल रहे हैं। धान की फसल को भी नुकसान पहले सूखा तो अब लगातार बारिश की वजह से धान की फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका बन गई है। इन दिनों धान की फसल बढ़वार पर है। ऐसे में तेज हवा के साथ बारिश की वजह से बासमती, मंसूरी प्रजाति की फसल कई जगहों पर गिर गई है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनोज सिंह का कहना है कि इससे पैदावार में कमी आएगी। इसके अलावा फसल काली भी पड़ जाएगी, जिसकी अच्छी कीमत नहीं मिलेगी। डॉ.मनोज का कहना है कि हाइब्रिड धान की फसलों को अभी नुकसान नहीं हुआ है।

## शहर में अब नही चलेगा अवैध स्टैंड : चिन्हित अवैध स्टैंड जाएंगे शहर के बाहर– ए डी जी जोन

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : प्रदेश सरकार अवैध टैक्सी स्टैंड को हटाने के लिए जिला प्रशासन को बार–बार हिदायतें देती आ रही थी की अवैध स्टैंटों को हटाकर निर्धारित स्थानों पर ले जाएं जिसके अनुपालन में एडीजी जोन ने शहर में चलने वाले अवैध स्टैंड पर अब सख्त हो गए हैं. अब अवैध स्टैंड शहर में खुलेआम नही चल पाएंगे. एडीजी के निर्देश पर अवैध व वैध स्टैंड को चिन्हित किया गया है.ये अवैध स्टैंड अब शहर के बाहर किये जायेंगे। एडीजी के अनुसार सीएम योगी आदित्यनाथ कई बार अवैध स्टैंड पर लगाम लगाने को कह चुके है. सामने आया है कि रेलवे स्टेशन महाराणा प्रताप मूर्ति के पास,रोडवेज तिराहा, विश्वविद्यालय चौराहा से कुलपति आवास तक कचहरी / कमिश्नर कार्यालय के सामने,पैडलेगंज चौकी के पास, नार्मल टैक्सी स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन के बाहर होटलों के सामने, गोयल गली (धर्मशाला) और पर्यटन कार्यालय के सामने अवैध रूप से चल रहा है. वही नगर निगम द्वारा वैध पार्किंग व वैध ऑटो स्टैण्ड के लिए पूर्व से ही कुछ जगहों को चिन्हित किया गया है जिसमे विश्वविद्यालय रजिस्टार बंगले के पूरब खाली जमीन, शास्त्री चौराहा के पास चकबन्दी ऑफिस कैम्पस, अम्बेडकर चौराहा के पास, धर्मशाला रेलवे पुलिया से उत्तर तरफ, विश्वविद्यालय चौराहा गणेश जी की प्रतिमा के सामने, वैध स्टैंड के रुप में चिन्हित किया गया है. लेकिन यंहै अवैध रूप से ज्यादा वसूली किया जा रहा है और आपराधिक गतिविधियां हो रही है। सोनाली (महराजगंज) सिद्धार्थनगर की बसें महेसरा के पास, कुशीनगर की ओर से आने जाने वाली बसे/ टैक्सी बिहार की बसें / टैक्सी मड़ापार के पास,महराजगंज को जाने वाली बसें / टैक्सी खजांची चौराहे के पास, जेल रोड और बडहलगंज, बलिया, मऊ, वाराणसी, आजमगढ़ जाने वाली बसे आदि नौसढ से आगे बाधागाडा रोड, संतकबीर नगर, बस्ती, लखनऊ को जाने वाली बसें/ टैक्सी ।जनपद गोरखपुर के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जाने हेतु नार्मल कैम्पस, ईदगाह के पास रेलवे स्टेशन के बाहर खड़े होंगे. वही नेपाल की टैक्सी व प्राईवेट कार गोयल गली (धर्मशाला) के पास खड़े होंगे. इसके अलावा पर्यटन विभाग के पास खड़े वाहन कुष्ट आश्रम से आगे खड़े होंगे। इन सभी बिंदुओं पर काम कर 15 दिन में कमिश्नर को रिपोर्ट देने को एडीजी ने कहा है।

## प्रत्येक मंडल व अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे जनपदों में खोले जाएंगे सैनिक स्कूल

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मंडल आयुक्त सभागार में मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित हर मंडल में एक सैनिक स्कूल व अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे जनपदों में भी एक सैनिक स्कूल खुले जाने के प्रस्ताव को देखते हुए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक व वीडियो कांफ्रेंसिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया जिससे सैनिक स्कूल खोलकर बेहतर शिक्षा दिया जा सके मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा देश में 100 सैनिक स्कूल खोले जाने के प्रस्ताव के बाद प्रदेश सरकार की इच्छा है कि प्रदेश के हर मंडल में एक सैनिक स्कूल खोला जाए इसके साथ ही जिन जनपदों की सीमाएं अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से लगी हैं उन जनपदों में भी एक सैनिक स्कूल खोला जाए। मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी मंडल आयुक्त सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक मंडल के अन्य अधिकारी से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़कर दिए गए आदेशों के अनुपालन में सैनिक स्कूल बनाए जाने के लिए 6 से 8 एकड़ भूमि होना आवश्यक है जहां पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को सभी मूलभूत सुविधाएं स्कूल के अंदर उपलब्ध कराया जायेगा। सरकार देश में 100 नए सरकारी और प्राइवेट स्कूल खोलने जा रही है इसके लिए केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है रक्षा मंत्रालय के तहत सैनिक स्कूलों की स्थापना की जाती है फिलहाल देश में 33 सैनिक स्कूल चलते हैं, लेकिन पढ़ाई की बेहतर क्वालिटी को देखते हुए और भी सैनिक स्कूल खोलने की तैयारी चल रही है सरकार ने इसकी मंजूरी भी दे दी है सरकारी और प्राइवेट भागीदारी से नए सैनिक स्कूल खोले जाएंगे और इसमें 2022–23 सत्र की पढ़ाई शुरू हो जाएगी.। सरकार चाहती है कि देश में नई शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों को शिक्षा दी जाए. इसमें सैनिक स्कूल बड़ी भूमिका निभा सकते हैं. इसी को देखते हुए देशभर में 100 नए सैनिक स्कूल खोले जाएंगे ये नए स्कूल सरकारी और प्राइवेट होंगे, लेकिन इनका सीधा संबंध रक्षा मंत्रालय के तहत चलने वाला सैनिक स्कूल होगा यानी नए सैनिक जो भी खुलेंगे, भले ही वे निजी भागीदारी से क्यों न खुलें, लेकिन उनका संचालन सैनिक स्कूल के जरिये ही किया जाएगा कोर्स का पैटर्न वही होगा जो सैनिक स्कूलों में होता है. ये सभी नए स्कूल सैनिक स्कूल से ही एफिलिएटेड होंगे पहले चरण में 100 स्कूलों को खोलने में राज्यों, एनजीओ और निजी भागीदारों की मदद ली जाएगी बैठक में अपार आयुक्त अजय कांत सैनी एडी योगेंद्र सिंह डीआईओएस ज्ञानेंद्र सिंह भदोरिया बीएसए रमेंद्र सिंह संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## 50 लाख से अधिक लागत की परियोजना एवं अन्य निर्माण से सम्बंधित मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत की परियोजना एवं अन्य निर्माण से सम्बंधित मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया कि जितने भी कार्य हैं उनको समय से पूर्ण किया जाए, जो ठेकेदार कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं उन पर विशेष नजर रखी जाए तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाए। किसी भी कार्य को कराने के लिए स्थल का चयन करते समय विभिन्न घटकों को देख लिया जाए ताकि भविष्य में स्टीमेट को रिवाइज न करना पड़े। जिन स्थानों पर भूमि अधिग्रहण किया जाना है वहां पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से समन्वय स्थापित करते हुए भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही समय से पूर्ण कराई जाए। अधिशासी अभियंता जल निगम नगर को निर्देशित किया गया कि सीवर लाइन डालते समय जिन सड़कों को खोदा गया है, उन्हें तत्काल ठीक कराएं। पेयजल योजनाओं के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। सभी सेतु पर कार्य प्रारंभ करा दिया जाए। तीन परियोजनाओं पर कार्य पूर्ण हो चुका है उन्हें संबंधित विभाग को हैंडओवर करा दिया जाए और जिन परियोजनाओं पर धनराशि के अभाव में वर्तमान में कार्य बाधित है धनराशि की मांग हेतु शासन में पत्र जिलाधिकारी की तरफ से प्रेषित किया जाए। पाइप पेयजल योजना



बदलापुर में 350 घरों को कनेक्शन 1 माह के अंतर्गत अवश्य दिया जाए। सभी कार्यदाई संस्था निर्धारित समय के अंतर्गत अपने कार्य को पूर्ण कराएं जितना भी माइलस्टोन माह में पूर्ण कराना था उन्हें शत–प्रतिशत पूर्ण करा दिया जाए ताकि समय से परियोजना का कार्य पूर्ण कराया जा सके। माननीय मुख्यमंत्री जी के घोषणा के अंतर्गत जितने भी परियोजनाएं हैं उन्हें मजदूरों की संख्या बढ़ाकर समय से पूर्ण कराया जाए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र समसपुर, आशापुर, कटौना आदि का कार्य अभी भी अपूर्ण पाया गया जिसपर निर्देशित किया गया कि माह नवंबर तक कार्य पूर्ण करा लिया जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी परियोजनाओं के गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी से कराई जाए तथा प्रत्येक परियोजना के लिए एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ा आक्रोश व्यक्त किया गया तथा अधिशासी अभियंता जल निगम तथा कार्य करने वाले ठेकेदार एफकान एवं वेलस्पन को अंतिम रूप से सचेत करते हुए निर्देशित किया गया कि सभी ग्राम पंचायतों की डीपीआर तैयार करा कर शासन में प्रेषित कर दिया जाए तथा जिन ग्राम पंचायतों की डीपीआर तैयार हो गई है उनमें अनुबंध गठित करके कार्य प्रारंभ कर दिया जाए। ग्राम पंचायतों में शत–प्रतिशत कनेक्शन देकर ग्रामों को संतृप्त कर दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, पी.डी. जेयकेश त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## प्रेमिकाओं को महंगे गिफ्ट देने के लिए करते थे चोरी : दो गिरफ्तार

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : शाहपुर पुलिस ने प्रेमिकाओं को महंगे गिफ्ट देने के लिए चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है. मंगलवार को पुलिस ने गैंग लीडर समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि गैंग के दो सदस्य फरार ही गए पुलिस ने उनके पास से चोरी हुए जेवरात, अन्य सामान और नकदी व दो तमंचा बरामद किया है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पकड़े गए दोनो आरोपियों की पहचान गैंग लीडर गोलू कुमार निवासी सूरजकुंड व राज बाल नेगी निवासी मधुबन बाजार मऊ के रूप में हुई. राज बाल नेगी वर्तमान में जेल बाईपास रोड पर रहता है वही इनके फरार साथियों की पहचान दीपक डोम निवासी सूरजकुंड व मुकेश बिहारी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार ये लोग पहले दिन में चोरी की बाइक के साथ रेकी करते थे और रात में दुकान व मकान का ताला तोड़कर चोरी करते थे. इन लोगो ने 1 सितंबर 2022 को शाहपुर के संजय कुमार जायसवाल, 26 सितंबर 2022 को शाहपुर के जितेंद्र विश्वकर्मा के हार्डवेयर की दुकान में चोरी की थी साथ ही 5 अक्टूबर 2022 को शाहपुर के दीपक शर्मा व 4 सितंबर 2022 को गोरखनाथ की दुर्गावती के मकान में चोरी किया था. गोलू पर पहले से 6 और राज बाल नेगी पर 4 केस दर्ज हैं।

### बनाए गए बाढ़ कंट्रोल रूम कंट्रोल रूम अधिकारी नामित

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जनपद में समस्त नदियां खतरे के बिन्दु से उपर बह रही है बढ़ते जलस्तर के कारण तहसीलो में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है और वर्तमान समय में कई गांव प्रभावित है। बाढ़ से आच्छादित ग्रामों में प्रभावित व्यक्तियों/ परिवारो को राहत प्रदान किये जाने हेतु हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। प्रभावित व्यक्तियों/परिवारो को सहायता उपलब्ध करायी जा सके इस हेतु तत्काल प्रभाव से ई–डिस्ट्रिक्ट कलेक्ट्रेट परिसर में बाढ़ कन्ट्रोल रूम तत्काल प्रभाव से क्रियाशील किया गया है। बाढ़ कन्ट्रोल रूम प्रभारी के रूप में अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। स्थापित कन्ट्रोल रूम में बाढ. प्रभावित क्षेत्रों प्राप्त हो रही शिकायते, जिसमें विशेष रूप से नाव की उपलब्धता, तटबंध में रिसाव, राहत खाद्यान्न कीट, शुद्ध पेयजल, विद्युत आपूर्ति, पशु चारा व टीकाकरण स्वास्थ्य सेवाएं आदि मुख्य है प्राप्त शिकायते के निस्तारण हेतु 02 शिफ्ट में सम्बंधित विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की तैनाती की जानी है, जो कि अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/प्रभारी अधिकारी आपदा के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेगे। प्रातः 6 बजे से 2 बजे तक दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक ई–डिस्ट्रिक्ट में स्थापित दूरभाष नम्बर 0551–2201796, 2204196 एवं मोबाइल नम्बर 9555786115 तथा आपदा कार्यालय दूरभाष नम्बर 0551–2201776 एवं मोबाइल नम्बर 9454416252 है। उक्त जानकारी अपर जिलाधिकारी वित्त/प्रभारी अधिकारी आपदा ने दी है।

## दिव्यांग छात्र छात्राओं हेतु प्री–मैट्रिक पोस्ट मैट्रिक एवं टॉप क्लास छात्रवृत्ति योजना संचालित

जौनपुर सू.वि. : जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला ने अवगत कराया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा दिव्यांग छात्र/छात्राओं हेतु प्री–मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं टॉप क्लास छात्रवृत्ति योजना संचालित की जाती है। निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण द्वारा अवगत कराया गया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति में आवेदन करने की तिथि बढ़ाते हुए 15 अक्टूबर, 2022 कर दी गयी है। ऑन–लाइन छात्रवृत्ति आवेदन हेतु पोर्टल खुलने की तिथि (03 प्रकार छात्रवृत्ति हेतु 20 जुलाई 2022, पोर्टल पर प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन स्वीकार करने हेतु नियत अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2022, प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति के प्रथम स्तर के सत्यापन हेतु नियत अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2022, पोर्टल पर प्री– मैट्रिक छात्रवृत्ति के द्वितीय स्तर के सत्यापन हेतु नियत अंतिम तिथि 15 नवम्बर 2022, पोर्टल पर पोस्ट–मैट्रिक/टाप क्लास छात्रवृत्ति आवेदन स्वीकार करने हेतु नियत अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2022, पोर्टल पर पोस्ट–मैट्रिक/टाप क्लास छात्रवृत्ति प्रथम स्तर से सत्यापन हेतु नियत अंतिम तिथि 15 नवम्बर 2022, पोर्टल पर पोस्ट–मैट्रिक/टाप क्लास छात्रवृत्ति द्वितीय स्तर से सत्यापन हेतु नियत अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2022 तक है। अतः जो भी दिव्यांगजन इस योजना का लाभ उठाना चाह रहें हो वे दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली की छात्रवृत्ति हेतु वेबसाइट www.scholarships.gov.in में उपलब्ध गाइड–लाइन्स में दी गयी व्यवस्थानुसार आनलाइन कर लाभ उठायें।



–सुविचार–

यकीन और दुआ नजर नहीं आते मगर नामुमकिन को मुमकिन बना देते हैं।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# समय के साथ सशक्त होती गई भारतीय वायुसेना

एएन 32 परिवहन विमान आदि के अलावा, फ्लाइंग (नेविगेटर) नवीनतम सी–130 जे और सी 17 ग्लोबमास्टर विमान सहित वायु सेना के परिवहन बेड़े का एक प्रमुख चालक दल है। उन्हें सामरिक युद्ध अभियानों के दौरान नेविगेशन और अन्य सहायता प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

देश में वायुशक्ति के विकास के साथ भारतीय वायुसेना ने 90 वर्ष पूरे कर लिए और विगत आठ अक्तूबर को चंडीगढ़ में आयोजित शानदार उड़ान के जरिये इसने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। लेकिन इस आयोजन का वास्तव में जो सबसे उल्लेखनीय पहलू था, वह यह कि वायुसेना प्रमुख ने ऑपरेशन में लगे कोर अफसरों की एक नई शाखा बनाने की अपनी योजना का खुलासा किया, जिसे 'हथियार प्रणाली' कहा गया।

जैसा कि बताया गया, इसका उद्देश्य यह है कि हथियार चलाने और ऐसे प्लेटफार्मों के संचालन में लगे सभी अधिकारियों को जमीन पर या हवा में, सिस्टम का प्रबंधन करने वाले एक सामान्य समूह में रखा जाना चाहिए। आइए, देखते हैं कि इस परिवर्तन की प्रकृति क्या होगी और क्या यह वास्तव में कई गतिविधियों को सफलतापूर्वक एकजुट कर पाएगा? अब तक वायुसेना का प्रबंधन उड़ान, प्रशासन, वैमानिकी इंजीनियरिंग, लेखा, मौसम विज्ञान, लॉजिस्टिक और शिक्षा नामक शाखाओं द्वारा किया जाता रहा है।

नई 'हथियार प्रणाली' शाखा में चार उप–धाराएं होंगी–फ्लाइंग, रिमोट, इंटेलिजेंस एवं सरफेस। लेकिन फ्लाइंग (पायलट) और फ्लाइंग (नेविगेटर) वाली मुख्य फ्लाइंग ब्रांच बनी रहेगी। पायलटों में लड़ाकू, परिवहन विमान और हेलिकॉप्टर उड़ाने वाले अधिकारी होंगे। अनिवार्य रूप ये उप–शाखाएं नहीं हैं, बल्कि वायुसेना की जरूरत आधारित वितरण प्रणाली हैं। हालांकि इतिहास देखें, तो पता चलता है कि इन समूहों के पास जो सामान थे, उसी से अंततः वायुसेना के कोर अधिकारियों का व्यक्तिगत विकास हुआ।

जैसा कि नाम से पता चलता है, उनका नामकरण उस विमान के प्रकार पर हुआ, जिसे वे उड़ा रहे थे, न कि उनके काम के आधार पर। इसमें कोई परिवर्तन होता नहीं दिखता। हम जानते हैं कि लड़ाकू विमान युद्ध के लिए ही थे, लेकिन परिवहन विमान और हेलिकॉप्टरों की युद्ध क्षमता उनकी उपयोगिता में शामिल थी। उदाहरण के लिए, 1971 के युद्ध के दौरान परिवहन विमानों का इस्तेमाल पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सुई गैस संयंत्रों और पाकिस्तान के विवादित उत्तरी क्षेत्रों में स्कार्दू एयर फील्ड पर बम गिराने के लिए किया गया था।

उन्होंने पायलट द्वारा विमान की नाक को ऊपर की ओर झुकाते हुए फ्लाइट गनर कम लोड मास्टर की देखरेख में उन लक्ष्यों पर प्रभावी ढंग से बम गिराए। और यह काम कर गया। यह एक तालमेल वाली गतिविधि थी, जिसमें लोड मास्टर की, जो एक वरिष्ठ गैर–कमीशन अधिकारी थे, भूमिका प्रमुख थी। मत भूलिए कि भारतीय वायुसेना ने 1947 के ऑपरेशन के दौरान जम्मू और कश्मीर में रजाकार के कब्जे वाले क्षेत्रों पर बमबारी के लिए प्रसिद्ध डीसी–3 परिवहन विमानों का इस्तेमाल किया था। तरीके वही थे।

वायुसेना बस सुधार कर रही थी और हथियार पहुंचा रही थी। इसे हमेशा भविष्य के लिए ध्यान रखना चाहिए। अब वायुसेना के बेड़े में कई तरह के लड़ाकू हेलिकॉप्टर हैं, जिनमें से भारतीय वायुसेना के पास अमेरिकी अपाचे, हाल ही में शामिल किया गया हल्का लड़ाकू हेलिकॉप्टर प्रचंड और एमआई 75वी है। पहले दो अनिवार्य रूप से सशस्त्र युद्ध के लिए हैं, लेकिन बाद वाले कई अन्य कार्य भी कर सकते हैं।

लेकिन वर्तमान संदर्भ में इन्हें इस तरह से डिजाइन किया गया है कि केवल दो मुख्य फ्लाइंग ब्रांच पायलटों द्वारा चलाया जा सकता है, जबकि उनमें से एक हथियार पहुंचाएगा। एएन 32 परिवहन विमान आदि के अलावा, फ्लाइंग (नेविगेटर) नवीनतम सी–130 जे और सी 17 ग्लोबमास्टर विमान सहित वायु सेना के परिवहन बेड़े का एक प्रमुख चालक दल है। उन्हें सामरिक युद्ध अभियानों के दौरान नेविगेशन और अन्य सहायता प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

लेकिन इस बुनियादी अनुशासन का वैसा ही सदस्य दुर्जेय एसयू 13 एमकेआई पर हथियार प्रणाली संचालक (डब्ल्यूएसओ) के रूप में भी कार्य करता है और नए इलेक्ट्रॉनिक एरे रडार की सहायता से 150 किलोमीटर या इजरायली डर्बी तक के लक्ष्यों को बेअसर करने में सक्षम, दृश्य सीमा से परे स्वदेशी अस्त्र भी चला सकता है। मुख्य मुद्दा यह है कि क्या यह नया उप समूह फ्लाइंग का हिस्सा बनेगा या पहले के फ्लाइंग (नेविगेटर) में ही बना रहेगा। ऐसी गतिविधि वायुसेना के लिए नई नहीं है।

आखिरकार, फ्लाइंग (नेविगेटर) ने पूर्ववर्ती कैनबरा बॉम्बर को संचालित किया और अंधेरी रातों और गरज के दौरान दो मीटर की सटीकता के भीतर हथियारों को सफलतापूर्वक चलाया ही है। यदि हम कल्पना करें कि रिमोट अधिकारी को मानव रहित लड़ाकू हवाई वाहनों को नियंत्रित करने और हथियार चलाने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा, तो रिमोट के डिविजनों को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है।

मेरा मानना है कि यह भी वायुसेना के लिए नई बात नहीं है, हालांकि उन्होंने अब तक युद्धोन्मुख हथियार नहीं चलाए हैं और इसके प्रशिक्षित पेशेवर उपलब्ध हैं। इंटेलिजेंस (खुफिया) और सरफेस (जमीनी) की उप शाखाएं वास्तव में सुसंगत नहीं हैं। इंटेलिजेंस में हथियार नहीं चलाया जाता है, क्योंकि इसकी प्रकृति ही ऐसी है। लेकिन जमीनी अधिकारियों के दायरे में सतह से सतह और सतह से हवा में हथियारों और मिसाइलों को चलाने वाले बल पर विचार कर सकते हैं।

ये रॉकेट बलों के संचालन की तर्ज पर हो सकते हैं, जैसा कि हम पूर्व सोवियत संघ और अब रूस में देख रहे हैं। निस्संदेह इस पर कम ध्यान जाता है, क्योंकि अब हम ब्रह्मोस, अग्नि, पृथ्वी या भारत के एकीकृत मिसाइल रक्षा कार्यक्रम के अन्य उत्पादों के दायरे में प्रवेश कर चुके हैं। हालांकि मीडिया में सिर्फ एस–400 की ही चर्चा होती है, जिसे हाल ही में हासिल किया गया है। ये सभी उच्च प्रौद्योगिकी प्रणालियां हैं और एक प्रशिक्षित संवर्ग पहले से मौजूद है और इसकी जरूरत है।

आखिर भारतीय वायुसेना विविध गुणों वाले विभिन्न अनुशासनों को जल्दबाजी में एकजुट करने की कोशिश क्यों कर रही है? क्या इनसे जुड़े लोगों के प्रबंधन में मुश्किल हो रही है? जब उनके बीच वरिष्ठता को ध्यान में रखा जाएगा, तो सामूहिक व्यवहार महत्वपूर्ण मुद्दा होगा। इससे 3,000 करोड़ रुपये की बचत का दावा किया जा रहा है, लेकिन अनुभवी लोग पहले से ही संबंधित अनुशासनों में काम कर रहे हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## गांव में उद्यमिता को बढ़ावा देकर प्रगति लाएं – कुलपति पीके मिश्र

शाहजहांपुर (अम्बरीष कुमार सक्सेना)गांव में खेती के अलावा हुनर के कार्यक्रमों को अधिक से अधिक तवज्जो की जरूरत है। क्योंकि गांव का श्रम बाहर चला जाता है। वह हमारे गांव के काम कैसे आए उसके निमित्त स्थानीय कच्चेमाल को पक्का करने की विधियों को आगे बढ़ाएं। महिलाओं को गृह उद्योग और शिक्षित युवकों को कंप्यूटर शिक्षा देने की जरूरत है। उक्त विचार जयप्रकाश नारायण की 121 वीं जयंती के अवसर पर जयप्रभा कुटीर छीतेपुर में आयोजित वृहत स्वास्थय मेला का शुभारंभ करते हुए डा प्रदीप कुमार मिश्र कुलपति अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि आज हमारी तकनीकी शिक्षा का जोर गांवों की ओर होना चाहिए। गांव में आज हुनर की जरूरत है। उससे ही गांव की महिलाओं की आमदन बढ़ेगी।गांव में श्रम की पूजा हो। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश हरिजन सेवक संघ की अध्यक्ष कुसुम जौहरी ने कहा कि छीतेपुर गांव में आज से 40 साल पहले आना हुआ था।इस गांव में जन्मे रमेश भइया ने सेवा का जो कीर्तिमान खड़ा किया है।उसकी देश विदेश में चर्चा है। उसे यहां मजबूती मिलनी चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष डा अशोक अग्रवाल ने कहा कि लोगों को शिक्षा ,स्वास्थ्य, भोजन ठहरने की व्यवस्था चाहिए होती है। जय प्रभा कुटीर में बच्चों के लिए मनोरंजन तथा संस्कार देने का कार्य शुरू किया जा चुका है।बुजुर्गों के लिए भी सेवाधाम की व्यवस्था है। बहनों के लिए काम देने की व्यवस्था की गई है।दिव्यांगो के लिए टाइप शिक्षण केंद्र और हाउस कीपिंग की ट्रेनिंग है। स्वरोजगार भी प्रत्येक युवक का अधिकार है। उस हेतु जल्दी से जल्दी रोजगार परक कार्यक्रम चलेंगे। विशिष्ट अतिथि डा' किरण अग्रवाल अध्यक्ष वरुण मेडिकल कालेज ने कहा कि स्वास्थय के क्षेत्र में विनोबा सेवा आश्रम के साथ हमारा मेडिकल कालेज हर समय खड़ा है। हम सब सेवाभावी लोग हैं। जो रमेश भइया की टीम से जुड़कर हैं गांव तक जायेंगें। मेडिकल कालेज सेवाएं




मुफ्त दे रहा है। विशिष्ट अतिथि श्री ओंकार मनीषी वरिष्ट पत्रकार ने कहां कि रमेश भइया विमला बहन गांव की सेवाबका जो तप कर रहे हैं उसकी ख्याति और ज्यादा फैलनी चाहिए। हम सब उनके सहयोगी बनकर मदद कर सकते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री विमल कुमार सिंह विधायक पुत्र ने क्षेत्रवासियों का आह्वान किया कि वे इन सुविधाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम के अध्यक्ष डा अशोक अग्रवाल संस्थापक वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज ने कहा कि हमारा कालेज बरतारा तक मरीजों के लिए बहुत जल्दी बस चलाने जा रहा है। यह सुदूर क्षेत्र है यहां से भी मरीज लाभ लेने जा सकें इस पर भी कालेज प्रबंधतंत विचार करेगा। आश्रम जो सेवा कर रहा है। उसमें हम सब भी भागीदार बन सकें। हमारी टीम ऐसे पुण्य स्थानों पर सेवा करके अपने को गौरवान्वित महसूस करती है। कार्यक्रम का विषय प्रवेश रमेश भईया ने कराया ।सभी का स्वागत विमला बहन ने किया। इस अवसर पर डा जी के पॉल प्राचार्य कालेज रोहिलखंड हॉस्पिटल , रामाश्रम सत्संग के जय अग्रवाल , कमला सिंह ,मृदुल लता, अनिल सिंह ,एहसान मोहम्मद , रामेश्वर दयाल, रामकुमार गुप्ता , भूरे ब्रजकिशोर ,रामबहादुर शर्मा ,अशोक सिंह ,पूर्व प्रधान नरेंद्र सिंह , के पी सिंह,अलम शेर , शिवकुमार त्रिपाठी एवं विपिन शर्मा ने विचार व्यक्त किए। मेडिकल कालेज के चालीस डाक्टरों की टीम ने 5 00 से अधिक मरीजों को चिकित्सा प्रदान की। सभी का स्वागत सभापति पाठक और आभार हरवंश कुमार ने किया ।संचालन जागेश्वर दयाल अग्निहोत्री ने किया। इस अवसर पर डा अशोक अग्रवाल जी ने जय प्रभा कुटीर को दो कंप्यूटर दान की घोषणा भी की।

## पी एम फसल बीमा की दी गई जानकारी : पतूलकी गांव में आयोजित हुई किसान पाठशाला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकास खंड के पतुलकी गांव में बुधवार को एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसान पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें तहसील कोऑर्डिनेटर स्नेह चन्द्र ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी देते हुए योजना को किसानों के लिए 'सुरक्षा कवच' बताया है ।फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के लिए किसान भाइयों को इस योजना में सम्मिलित होने की सलाह दी साथ ही किसान भाइयों को खरीफ और रबी मौसम में होने वाली फसलों के नुकसान से बचने के लिए हर प्रकार की जानकारी दी गई ।खरीफ सीजन में किसानों को 2: की राशि और रबी सीजन में 1.5: की राशि देनी होती है आपको नाम मात्र का प्रीमियम देना पड़ेगा आने वाला समय रवी सीजन का है जिसमे लोगो को दिसंबर महीने में अपनी फसलों का बीमा करवाने की सलाह दी ।इस मौके पर कृषि विभाग से आए श्री प्रमोद उपाध्याय (बीटीएम) भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष सुनील बिंद समेत क्षेत्र से आए किसान मौजूद रहे।

## दबंग ने इंटरलाकिंग रास्ते में बनाया बाउंड्री वाल : नगर पंचायत प्रशासन ने कार्यवाही के लिए लिखा पत्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर पंचायत के कोहरौटी वार्ड में इंटर लाकिंग रास्ते में दबंग द्वारा बाउंड्री वाल बना लेने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत पर नगर पंचायत प्रशासन ने कारवाई के लिऐ तहसील प्रशासन को पत्र लिखा है। नगर के वार्ड नंबर 8 चौहट्टा से कोहरौटी जाने वाले मार्ग पर दबंग द्वारा 2020 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय निधि द्वारा बनाए गए 38 लाख 80 हजार रूपए की इंटरलॉकिंग रास्ते को ही अपना बताकर बाउंड्री वाल कर लिया गया है। नगर पंचायत के चौहट्टा वार्ड से कोहरौटी व बारा जाने का यह रास्ता इंटर लॉकिंग बन जाने के बाद लोगो द्वारा आने जानें के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। मोहल्ले के आजम , इलियास, अबूसाद, अलीमुल्लाह तथा बेलाल ने नगर पंचायत में शिकायती पत्र लिख कर रास्ते से अतिक्रमन हटाने की मांग की है। वर्जन अधिशासी अधिकारी डाक्टर वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया की रास्ते में बाउंड्री वाल बनाने का शिकायती पत्र मिला है। रास्ते से अतिक्रमण हटाने के लिऐ उपजिला अधिकारी शाहगंज से अनुरोध किया गया है।

## युद्ध स्तर पर शुरू हुआ लंपी का टीकाकरण : छह हजार से अधिक पशुओं को लगाया गया टीका

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा ब्लॉक के दर्जनों गावों में लंपी बीमारी से बचाव हेतु युद्ध स्तर पर टीकाकरण कार्य चल रहा है। बीते 26 सितंबर से शुरू हुआ टीकाकरण में अब तक छह हजार से अधिक पशुओं का टीकाकरण पैरामेडिकल स्टॉप द्वारा कराया जा रहा है। बक्शा के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन कुमार ने बताया कि लंपी टीकाकरण का कार्य शासन के आदेशानुसार तीव्र गति से कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लंपी बीमारी के लक्षण पशुओं को तेज बुखार, आँख नाक से पानी गिरना, पैरों एवं गले में सूजन, पूरे शरीर मे कठोर चपटी गांठ उभरना, गर्भवती पशुओं में गर्भपात व दुधारू में दूध उत्पादन में कमी, वजन घटना दुर्बलता आदि प्रमुख लक्षण है। उन्होंने बताया कि ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सक से संपर्क कर इलाज करें। चिकित्सक ने बताया कि इलाज पूरी तरह सम्भव है परन्तु लक्षण मिलते ही पशु चिकित्सकों से परामर्श अवश्य ले।

## नेतृत्व एक उपहार और सेवा के प्रति समर्पण हैः मैडम लौरना गिब्सन

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) ''नेतृत्व एक उपहार और सेवा के प्रति समर्पण है। हम आप सभी को हार्दिक बधाई देते हुए अपेक्षा करते हैं कि मिलने वाले नये दायित्व का गम्भीरता एवं कर्मठता से पालन करेंगे।'' उक्त विचार पिहानी पब्लिक स्कूल में आयोजित अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में काठमांडू से आईं शिक्षिका मैडम लौरना गिब्सन ने व्यक्त किए। इस अवसर पर स्कूल के प्रबन्धक अवधेश रस्तोगी एवं निदेशक कृष्णा रस्तोगी समेत अभिभावक उपस्थित रहे। नेहा द्विवेदी व सुरभि भारती ब्लू हाउस के मेन्टर प्रियंका शुक्ला व अमृता सिंह ग्रीन हाउस के मेन्टर, तरुण प्रताप सिंह व सविता वैश्य रेड हाउस के मेन्टर एवं पारुल रस्तोगी व शिवम वर्मा यलो हाउस के मेन्टर के रूप में अलंकृत किए गए। स्कूल कैप्टन दिव्यांश सिंह, हेड गर्ल शताक्षी सिंह एवं स्पोर्ट्स कैप्टन हर्षित सिंह बनाए गए। इसी प्रकार अनुशासन समिति में कशिश सिंह, इच्छित शुक्ला, मानवी सिंह व मोहम्मद फैसल को तथा



स्वच्छता समिति में सौम्या गुप्ता, मोहम्मद अनस मंसूरी, प्रशान्त कुमार व अंशिका सिंह को घोषित किया गया। ब्लू हाउस का कैप्टन आराध्या रस्तोगी व वाइस कैप्टन सजल मिश्रा, ग्रीन हाउस का कैप्टन वैभव मिश्रा व वाइस कैप्टन सिद्धांत सक्सेना, रेड हाउस का कैप्टन अचल सिंह व वाइस कैप्टन आरजू, यलो हाउस का कैप्टन शिवानी ग्वाल वह वाइस कैप्टन दिव्यांशु पाल को घोषित किया गया। नर्सरी में मदीहा रब्बी व अनुकल्प सिंह, एलकेजी में माधवी दीक्षित व श्रवण कुमार, यूकेजी में फलक खान व अभिनव शर्मा, एक में रैना सिंह व सक्षम मिश्रा, दो में सौम्या सिंह व लक्ष्य वैश्य, तीन में दीक्षा वैश्य व अमीर हम्जा, चार में वान्या पाण्डेय व सिद्धांत गुप्ता, पांच में जिकरा अंसारी व मानवीर सिंह, छः में अंशिका सिंह व मोहम्मद फैसल तथा कक्षा सात में शिवानी ग्वाल व वैभव मिश्रा को क्लास मानीटर चुना गया।

## बवाल के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष समेत 25 लोग गिरफ्तार : डीआईजी एसपी ने लिया मौके का जायजा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोण्डा जनपद के खरगूपुर में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर यहां हुए बवाल के बाद बड़ी संख्या में पुलिस तैनात है। दोनों पक्षों के साथ ही पुलिस ने भी तीन अलग–अलग मुकदमे दर्ज कर नगर पंचायत अध्यक्ष सहित 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। खरगूपुर नगर के चौक बाजार निवासी रिकी मोदनवाल नामक युवक ने एक समुदाय के विरुद्ध सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डाल दिया था। उक्त पोस्ट के बाद एक समुदाय के लोगों द्वारा आपत्ति व्यक्त करते हुए पुलिस में शिकायत की थी। इसके बाद सोमवार रात आरोपी युवक के चौक बाजार मकान पर पथराव के उपरांत दोनों समुदायों के बीच झड़प शुरू हो गया। स्थिति बिगड़ते देख स्थानीय प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों पक्ष के लोगों को खदेड़ा। बवाल को देखते हुए रात में ही डीआईजी देवीपाटन मंडल पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज एसडीएम सदर वीके सिंह अपर जिलाधिकारी सहित क्षेत्राधिकारी सदर एवं मनकापुर के साथ ही पीए सी तथा जिले के 11 थानों के प्रभारी निरीक्षक व पुलिसकर्मी पहुंचे। देर रात तक पूरे कस्बे में पुलिस गश्त जारी रहा। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल मोहम्मद ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले युवक रिंकी मोदनवाल के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई वहीं दूसरे पक्ष के सोनू



मोदनवाल की तरफ से पुलिस ने हमला पथराव तोड़फोड़ के मामले में 16 व्यक्तियों को नामजद तथा 15 अज्ञात लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि एक पक्ष के एक मात्र आरोपी रिकी मोदनवाल तथा दूसरे पक्ष के आरोपी नगर पंचायत अध्यक्ष लाल मोहम्मद सहित 24 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी निरीक्षक श्री सिंह ने बताया कि पुलिस वाहन पर तोड़फोड़ करने के मामले में करीब 50 लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। कस्बे में शांति बनाए रखने के उद्देश्य कटरा बाजार प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार इटियाथोक प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडे सहित वजीरगंज कौड़िया छपिया तरबगंज धानेपुर मनकापुर खोडारे मोतीगंज कोतवाली देहात तथा थाना उमरी बेगमगंज के थाना अध्यक्ष एवं पुलिसकर्मी तैनात हैं। चौक बाजार स्थित अधिकांश दुकानें आज बंद रही स्थिति पूरी तरह से सामान्य है।

## नए एक्सप्रेसवे का धंसना विकास के दावों की पोल खोलने वाला –मायावती

लखनऊ बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रदेश में नए एक्सप्रेस वे के जगह–जगह धंसने व दरकने को लेकर भाजपा की राज्य व केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि नया एक्सप्रेस वे जगह–जगह धंस रहा है और दरक रहा है। यहां तक कि अन्य सड़कों में गड्ढे हैं। यह भाजपा सरकार के विकास के दावों की पोल खोलता है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि नए एक्सप्रेसवे के लगातार धंसने–दरकने, लखनऊ–उन्नाव की भी 50 किमी सड़क में 982 गड्ढे जैसी पश्चिमी यूपी व पूर्वांचल अर्थात् अधिकांश यहाँ यूपी में बदहाल सड़कें व उस कारण जनजीवन त्रस्त होने व जानलेवा दुर्घटनाओं आदि की खबरें सर्वत्र चर्चाओं में है, जो सरकारी दावों की पोल खोलता है। जबकि यहां यूपी में दूसरी बार भाजपा की सरकार बनने के बाद से भी प्रदेश को गड्ढा–मुक्त करने के वादे व दावे हर मंत्री व नेताओं द्वारा लगभग हर रोज ही किए जाते हैं लेकिन इनके अन्य दावों की तरह ही सूबे को गड्ढा–मुक्त नहीं



बना पाना लोगों को अब काफी विचलित कर रहा है। मायावती ने कहा कि इसके बावजूद इनके जले पर नमक छिड़कने के लिए केन्द्र व राज्य में दोनों सरकारें यूपी में अमेरिका जैसी सड़क बनाने जैसा हसीन सपना दिखाने में नहीं हिचक रही हैं। उन्होंने कहा कि साथ ही, गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी व पिछड़ेपन आदि से त्रस्त व विकास की भूखी जनता चुप है कि आगे क्या होगा?

## युवक की मौत के मामले में एसडीओ के बयान से मचा हड़कंप : एसडीओ ने पोस्टमार्टम की रिपोर्ट को बताया संदिग्ध


जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरपतहां थाना क्षेत्र के बासगांव (कोइरीपुर) में तालाब के किनारे मिले युवक की मौत के मामले में एसडीओ शाहगंज रोशन जमीर के बयान से नया विवाद खड़ा हो गया है। एसडीओ रोशन जमीर का दावा है कि युवक की मौत हाईटेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से नही हुई है।जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत करेंट की चपेट में आने से हुई है। गौरतलब है कि बघरवारा गांव निवासी मेराज (24)पुत्र मो.इकबाल का शव 06 अक्टूबर की सुबह उसके घर से लगभग 500 मीटर दूर तालाब के किनारे मिला था।घटनास्थल पर मौजूद क्षेत्राधिकारी शाहगंज अंकित कुमार एवं थानाध्यक्ष संजय सिंह द्वारा घटनास्थल का बारीकी से जांच पड़ताल करने पर प्रथम दृष्टया विद्युत स्पर्शाघात से हीं युवक की मौत प्रतीत होना बताया गया था,जबकि परिजन गांव के हीं एक ब्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग कर रहे थे।परिजनों के आरोप पर पुलिस युवक को हिरासत में लेकर शव को अन्त्यपरीक्षण के लिए भेज दिया।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत विद्युत स्पर्शाघात से हीं बताये जाने पर पुलिस की प्रारंभिक जांच सही सिद्ध हुई और घटना का पटाक्षेप हो गया। लापरवाही पर पर्दा डालने के लिए एसडीओ का अजीबोगरीब बयान दरअसल, कोइरीपुर मजरे में हाईवोल्टेज का तार लटका था।आरोप है कि बिजली विभाग सूचना मिलने के बावजूद उसे सही नही कराया और न ही विद्युत आपूर्ति बंद की गई। मछली पकड़ने गया युवक तालाब के पास लटके हुए हाईवोल्टेज बिजली के तार की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गयी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अलावा युवक की बिजली की चपेट में आने मौत होने का एक और प्रमाण मिला है।दरअसल, जहां युवक का शव मिला था वहां ऊपर लटके हुए हाईटेंशन बिजली के तार में युवक का सिर स्पर्श हो गया था।स्पर्शाघात के बाद युवक झुलस गया था।उसके सिर के बाल हाईवोल्टेज तार में चिपके मिले थे।हाईवोल्टेज तार भी उस स्थान पर काला हो गया था।लेकिन परिजन हत्या मानकर कार्रवाई की मांग कर रहे थे।लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में करेंट से मौत की पुष्टि होने के बाद बिजली विभाग के एसडीओ रोशन जमीर अपनी लापरवाही छिपाने के लिए अजीबोगरीब बयान दे रहे है। शाहगंज के एसडीओ रोशन जमीर ने विवादित बयान देकर पुलिस की कार्यशैली के साथ हीं डाक्टरों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर हीं प्रश्न चिह्न लगाकर नया विवाद खड़ा कर दिया। प्रकरण में एसडीओ का बयान प्रकाश में आते हीं हड़कंप मच गया है। एसडीओ के अजीबोगरीब बयान के बाद मृतक के परिजन भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट को झूठा मानते हुए बेटे के हत्यारोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि उनके बेटे की हत्या हुई है बिजली विभाग के एसडीओ खुद करेंट से मौत न होने का दावा कर रहे हैं। इस सम्बंध में शाहगंज के क्षेत्राधिकारी अंकित कुमार ने कहा कि यह पूर्णतः औचित्यहीन है,पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से स्वतः स्पष्ट है कि युवक की मृत्यु विद्युत स्पर्शाघात से हीं हुई है। सम्बंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर जो भी होगा उसका विधिक निस्तारण किया जायेगा। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की कार्रवाई दोनों को गलत बताकर बिजली विभाग के एसडीओ रोशन जमीर ने पुलिस के लिए एक नई मुसीबत खड़ी कर दी है। अब देखना होगा कि पुलिस इस मामले में क्या करती है।

## एसडीएम को बनाया गया सहायक निर्वाचक रजिस्ट्री करण अधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगरीय निकाय के जिला रजिस्ट्री करण अधिकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश ने उपजिलाधिकारी डा0 प्रदीप कुमार को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्री करण अधिकारी नियुक्ति किया है! उपजिलाधिकारी को तहसील क्षेत्र अन्तर्गत आने वाली सभी नगरीय निकाय की निर्वाचक नामावली तैयार कर उन्हें प्रकाशित करने तथा सूचियों के सम्बन्ध में आपत्तियों का निपटारा कर उन्हें संशोधित करते हुए अन्तिम रूप देने के लिए कर्तव्य का निर्वहन करेंगे! इसी क्रम में जिला रजिस्ट्री करण अधिकारी ने तहसीलदार राकेश कुमार को अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्री करण अधिकारी नियुक्ति किया है!

# संगत पंगत ने मनाया लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जन्म जयंती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : संगत पंगत जौनपुर द्वारा लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जन्म जयंती संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी के आवास पर मनाई गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी व संचालन जिला महासचिव सुलभ श्रीवास्तव ने किया।संगत पंगत के प्रदेश सहसंयोजक राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने कहा कि स्वाधीनता संग्राम से लेकर आपातकाल तक तमाम आंदोलन में लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही देश क्रांति के गौरव, सर्वोदय व किसान आंदोलन की स्वच्छ लोकनीति के जनक, रुसंपूर्णऋक्रांति के लिए देश की अवाम को लोकतंत्र की शक्ति से अवगत कराने वाले 'भारतरत्न' 'लोकनायक' जयप्रकाश नारायण की जन्मजयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष जौनपुर/प्रदेश महामंत्री/संरक्षक संगत पंगत राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि 11 अक्टूबर 1902 को सारण, बिहार के सिताब–दियारा में एक सितारे ने जन्म लिया, जिसका नाम था जय प्रकाश नारायण। 9 वर्ष की आयु में वे गाँव से पटना आ गए और 'पटना कॉलेजिएट स्कूल' में दाखध्लिा लिया, यहीं पढ़ाई के दौरान उन्हें मैथिलीशरण गुप्त, भारतेंदु हरीशचंद्र जैसे महान लेखकों को पढ़ने का मौका मिला। 1923 में उन्होंने अमरीका के बर्कले विश्वविद्यालय से आगे की पढ़ाई पूरी की। 1929 में स्वदेश लौटे तो नेहरू जी के सम्पर्क में आए और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ गए। कायस्थ कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव ने कहा कि 1932 में जब संग्राम के सभी बड़े नेता गिरफ्तार कर लिए गए तो जे.पी. ने नेतृत्व का मोर्चा सम्भाला और मद्रास में गिरफ्तार कर लिए गए। संगत पंगत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार ने कहा कि जेल में ही उन्होंने एक नई पार्टी 'कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी' की स्थापना की। 1934 में उनकी पार्टी ने कांग्रेस पार्टी के चुनाव लड़ने का विरोध किया, द्वितीय महायुद्ध में ब्रिटिश सरकार को इस्पात न मिले, इस उद्देश्य से टाटा स्टील में हड़ताल करवायी, उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया जहां से वे 1942 में फरार हो




गए। 1954 में वे 'आचार्य' विनोबा भावे के सर्वोदय आंदोलन से जुड़ गए।संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने कहा कि 1957 में उन्होंने लोकनीति के लिए राजनीति को छोड़ने का एतिहासिक फैसला लिया। 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा लगायी गयी इमरजेंसी के विरोध में पटना के गांधी मैदान में विशाल जनसमूह को सम्बोधित किया और यहीं उन्हें 'लोकनायक' की उपाधि दी गयी। उनके द्वारा चलाए गए सम्पूर्णक्रांति आंदोलन के फलस्वरूप 1977 में आपातकाल हटा। वरिष्ठ अधिवक्ता व संगत पंगत के संरक्षक सरस चन्द श्रीवास्तव ने कहा कि आपातकाल के बाद चुनाव हुए तथा गैर कांग्रेसी सरकार सत्ता में आयी। जे. पी. समाजवादी, सर्वोदयी तथा लोकतान्त्रिक जीवन पद्धति के समर्थक थे। आपातकाल के दौरान जेल में ही उनकी तबियत काफी बिगड़ गयी, उनकी किडनी खघ्राब हो गयी और कुछ समय तक वे डायलायीसीस पर रहे। 8 अक्तूबर 1979 को पटना में दिल का दौरा पड़ने से बिहार के इस महान 'लोकनायक' का निधन हो गया। उनका जन्म 11 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में हुआ था। लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के जन्मजयंती पर राकेश श्रीवास्तव पूर्व अधिकारी, शरद श्रीवास्तव संजय अस्थाना, प्रदीप श्रीवास्तव, दीवानी संघ के ऑडिटर अतुल श्रीवास्तव एडवोकेट, श्याम रत्न श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव डॉ सम्पूर्णानंद श्रीवास्तव संतोष निगम, अनीश श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव,शशि श्रीवास्तव एडवोकेट, प्रशांत पंकज श्रीवास्तव एडवोकेट, अनुपम श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव एडवोकेट,महिला जिलाध्यक्ष डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव महिला जिला महामंत्री प्रियंका श्रीवास्तव खुशबू डॉ रवि श्रीवास्तव,आयुष अस्थाना, अमर श्रीवास्तव श्रीयन्स श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव अज्जू,अर्पित श्रीवास्तव,आशीष श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव विजय श्रीवास्तव, कुँवर अस्थाना आदि लोगो ने जन्म जयंती पर श्रंद्धाजलि अर्पित किया।

# रामलीला के मंच पर हो रही थी आरती : भगवान शिव बने एक्टर की हार्टअटैक से मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश के अयोध्या और फतेहपुर के बाद जौनपुर जिले में भी रामलीला मंच पर कलाकार की हार्टअटैक से मौत हो गई। ताजा मामला मछलीशहर तहसील के बेलासिन गांव का है. यहां रामलीला मंचन के दौरान भगवान शिव की भूमिका निभा रहे कलाकार को हार्टअटैक आया. जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कलाकार की मौत के बाद पूरे गांव में सन्नाटा छा गया. कमेटी ने तुरंत रामलीला मंचन को भी स्थगित कर दिया. मृतक कलाकार पिछले पांच वर्षों से भोले शंकर की भूमिका निभाता रहा है. इस पूरी घटना को किसी युवक ने मोबाइल में कैद कर लिया था. जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में साफ तौर पर दिख रहा है कि भगवान शंकर का वेश घारण किए कलाकार की आरती की जा रही है. उसी दौरान अचानक से वह नीचे गिर गया. आनन–फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. लेकिन वहां डॉक्टर मौजूद ना होने के कारण उसे प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया. पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. उन्होंने बताया कि हार्टअटैक से कलाकार की मौत हुई है। मृतक कलाकार राम प्रसाद उर्फ छब्बन की मौत के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई. वह पिछले पांच सालों से रामलीला में भगवान शिव की भूमिका निभाता आ रहा था। रामलीला कमेटी के सदस्य विजय कुमार पांडेय ने बताया कि बेलासिन गांव में पिछले 52 सालों से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है. इसका संचालन पूर्व प्राचार्य डॉ. राम श्रृंगार शुक्ल करते आ रहे हैं. भगवान शंकर का रोल अदा कर रहे कलाकार राम प्रसाद की मौत से पूरा रामलीला पंडाल एवं समिति के पदाधिकारी दुख में हैं. सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच पर हार्टअटैक के और भी कई मामले इससे पहले अयोध्या के ऐहार गांव में भी मिलता जुलता मामला सामने आया था. यहां रामलीला मंचन के दौरान रावण बने कलाकार को सीता हरण के दौरान हार्टअटैक आ गया. रामलीला समिति के पदाधिकारी कलाकार को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. वहीं, फतेहपुर में भी रामलीला में हनुमान का रोल निभा रहे एक शख्स की अचानक मौत हो गई थी. अचानक डांस करते–करते वह मंच से नीचे गिर गया. बेहोशी की हालत में व्यक्ति को लेकर लोग सीएचसी धाता पहुंचे. जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. यहां भी कलाकार की मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया।

## एक सप्ताह में बनाये आयुष्मान कार्ड नही तो रुकेगा मानदेय : बीडीओ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी विकासखंड में आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति धीमी होने पर खण्ड विकास अधिकारी सभी पंचायत सहायक को नोटिस जारी करते हुये एक सप्ताह में लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया।ऐसा न करने पर सभी पंचायत सहायकों का मानदेय रोकने की भी बात कही है। सरकार द्वारा गरीबों को आयुष्मान कार्ड बना रही है जिससे पात्र गरीब को अस्पताल से मुफ्त में इलाज हो सके।इसके लिए पंचायत सहायक को गांव में जाकर अंत्योदय कार्डधारी, मुख्यमंत्री जनआरोग्य सूची एवं बीयूईडब्यू की पंजीकृत से बनाने का निर्देश दिया गया है। लेकिन शासन के मंशा के अनुरूप पंचायत सहायक कार्ड नही बनाये।इस पर बीडीओ प्रवीण त्रिपाठी ने नोटिस जारी किया और कहा कि एक सप्ताह के अंदर बचे लोगो का पूरा नही किया जाता तो मानदेय रोक दिया जाएगा।ब्लॉक में अंत्योदय कार्डधारी 1592 परिवार , मुख्यमंत्री जनआरोग्य सूची के 513 एवं बीयूईडब्यू के 967 परिवारों का अभी भी अंत्योदय कार्ड बनना बाकी है।

# जाबकार्ड धारकों का दो दिवस के भीतर कराएं सत्यापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना को सशक्त बनाने के लिए खण्ड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव ने बुद्धवार को सभागार में आयोजित पंचायत सचिवों की बैठक में सभी को दो दिवस के भीतर सक्रिय जाबकार्ड धारकों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है! उन्होंने कहा है कि सभी जाबकार्ड नियमानुसार सही है अथवा नहीं , यदि जाबकार्ड त्रुटिपूर्ण अथवा डबल है तो तत्काल उसे निरस्त करते हुए ग्रामसभा का प्रस्ताव प्रस्तुत करें! अन्यथा की दशा में यह माना जाएगा कि सभी कार्ड सही है! खण्ड विकास अधिकारी ने पंचायत सचिवों को यह भी चेताया है कि भविष्य में यदि कोई गलत जाबकार्ड का प्रकरण संज्ञान में आता है तो उसके लिए आप सब पूर्णतया उत्तरदायी होंगे! जिन श्रमिकों का अभी तक मस्टर रोल निकला गया है उनको प्राथमिकता के आधार पर लगातार काम देते हुए 100 दिन का रोजगार पूर्ण कराया जाय! तथा नये श्रमिकों का मस्टर रोल तभी निकाला जाय जब पूर्व से नियोजित सभी श्रमिक कार्य पर लगे हों अथवा उनका 100 दिन का रोजगार पूर्ण हो चुका हो! पांच लाख निर्धनतम परिवारों में जिन परिवारों का सर्वे नहीं हुआ है उन परिवारों का सर्वे दो दिन में पूर्ण करा लिया जाए तथा पात्र लाभार्थियों को वंचित लाभ से तत्काल लाभान्वित कराया जाए ! कार्य में किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी! बैठक में सहायक विकास अधिकारी पंचायत रणजीत सिंह, दुर्गेश तिवारी, पूजा सोनी, निशा यादव, राजकुमार मौर्या, संतोष दुबे, विनय यादव आदि लोग मौजूद थे!

# विधायक ने पीड़ितों से मिलकर मदद का दिया भरोसा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर।क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी स्थानीय नगर पंचायत स्थित चौक बाजार पहुंचे।यहां सोमवार रात सोशल मीडिया पर विशेष समुदाय के विरुद्ध वायरल पोस्ट को लेकर विवाद हो गया



था।उक्त विवाद के बाद एक पक्ष द्वारा रिक्की मोदनवाल व प्रहलाद मोदनवाल के घर हुए ईंट,पत्थर व शीशे की बोतल से हमले किया गया था।पीड़ितों के यहां विधायक पहुंचे।जहां पीड़ित परिवार से मिलकर घटना के बावत जानकरी ली और हर स्तर पर मदद करने का भरोसा दिलाया।विधायक श्री द्विवेदी ने प्रशासन से आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।इस मौके पर जिलाध्यक्ष भाजपा अमर किशोर कश्यप,महामंत्री आशीष त्रिपाठी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव रस्तोगी,पूर्व जिलाध्यक्ष इकबाल बहादुर तिवारी, राजेश सोनी,पदुमनाथ शुक्ल,दिनेश तिवारी,अरविंद मिश्र आदि भाजपा कार्यकर्ता रहे।

# सनातन धर्म के प्रतिमूर्ति थे वीर विक्रम बहादुर मिश्र –भगवदाचार्य

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉक्टर स्वामी भगवदाचार्य जी महाराज ने वरिष्ठ पत्रकार श्री वीर विक्रम बहादुर मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सनातन धर्म के प्रतिमूर्ति, पत्रकारिता जगत पितामह, लोकप्रिय समाजसेवी, प्रदेश के ख्याति लब्ध वरिष्ठ पत्रकार श्री वीर विक्रम



बहादुर मिश्र का असामयिक निधन से महान कष्ट हुआ। उनका संबंध करीब 40 वर्षों से अनवरत बना रहा। श्री मिश्रा जी सनातन धर्म परिषद से बहुत दिनों से जुड़े हुए थे। उन्होंने कई बार तुलसी जन्मभूमि तुलसी धाम राजापुर सूकरखेत गोंडा तथा पतंजलि जन्मभूमि पतंजलिपुरी कोंडर विकासखंड वजीरगंज गोंडा के कार्यक्रम में पधारे थे, युग तुलसी पंडित रामकिंकर जी उपाध्याय को तुलसी जन्मभूमि राजापुर गोंडा ले जाने में आपका विशेष योगदान रहा। सत्संग में उनकी विशेष अभिरुचि थी । उनका अभाव बराबर बना रहेगा। भगवान श्री राघवेंद्र सरकार से प्रार्थना है कि उनकी दिवंगत आत्मा को परम शांति प्रदान करें तथा उनके शोक संतप्त परिवार एवं परिजनों को संबल प्रदान करें।

# पीयू में प्री–आर.डी. परेड के लिए चयन शिविर 17 को होगा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य के संरक्षकत्व में गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड के लिए विश्वविद्यालय परिसर में प्री– आर.डी. परेड 2022 हेतु चयन शिविर का आयोजन 17 अक्तूबर 2022 को किया गया है। जिसमें सभी महाविद्यालयों की इकाइयों से स्वयंसेवक /स्वयंसेविकाओं को प्री–आर.डी. परेड चयन शिविर में शामिल होने के लिए निर्देश दिया गया है।क्षेत्रीय निदेशक,क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ डॉ. अशोक कुमार श्रोती ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय को पत्र जारी करते 17 अक्टूबर को चयन प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया है। चयनित स्वयंसेवक क्षेत्रीय निदेशालय,भोपाल में आयोजित दस दिवसीय चयन शिविर में प्रतिभाग करेंगे। इसी क्रम में 17 अक्तूबर को प्रातः10:00 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना भवन एवं एकलव्य स्टेडियम, विश्वविद्यालय परिसर में प्री–आर.डी. परेड के लिए विश्वविद्यालय स्तरीय चयन शिविर का आयोजन किया गया है। शारीरिक रूप से स्वस्थ वे स्वयंसेवक जिनकी ऊंचाई 165–180 सेंटीमीटर तथा स्वयंसेविका जिनकी ऊंचाई 155–170 सेंटीमीटर हो,सांस्कृतिक कार्यक्रम यथा गायन,भाषण में दक्ष हों तथा परेड( 20 मिनट तक ) दौड़(1.5 किलोमीटर 10 मिनट में )आदि मापदंड को पूर्ण करते हों प्रतिभाग कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया में स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओ को सभी मापदंडों से गुजरना होगा। जिन महाविद्यालयों में एक से अधिक इकाईयां है उनके अधिकतम दो स्वयंसेवक(एक छात्र एवं एक छात्रा)को ही प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा, इसका ध्यान रखते हुए कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए चयन शिविर में स्वयंसेवको का प्रतिभाग सुनिश्चित करन का कष्ट करें। इस संबंध में बुधवार को जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव ने बताया कि 17 अक्तूबर को सुबह 10:00 शुरू होने वाली चयन शिविर में सभी कालेजों को सूचना दे दी गई है। और परिसर में ही चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। यहां से चयनित स्वयंसेवक/स्वयंसेवक राज्य स्तरीय दस दिवसीय चयन शिविर भोपाल, मध्यप्रदेश में शामिल होगे।

# पिता दीन्ह मोही कानन राजू : जह सब भाती मोर बड़ काजू

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के ग्राम सभा मोहरियाव में चल रहे आदर्श रामलीला में मंगलवार की रात को राम वन गमन का दृश्य देखकर सभी दर्शक भाव विभोर हो गए। कैकेई को भवन में बाल बिखरे हुए लेटी हुई थी जहा राजा दशरथ भवन में प्रवेश करते हैं और कैकेई के इस दशा को देखकर चिंतित होते है और उनसे इस दशा का कारण पूछते है तो वह राजा दशरथ को वचन की याद दिलाते हुए अपने दोनो वचन मांगती है जिसमे भरत को राजगद्दी और राम को चौदह वर्ष का वनवास था। राजा दशरथ रानी कोई दूसरा वर मांगने को कहते है परंतु रानी कैकेई अपने वरदान पर अड़ी रहती है।राम अपने माता कौशल्या से खुशी से कहते है की पिता जी ने मुझे जंगल का राजा बना दिया है जहा सभी बड़े काम मेरा इंतजार कर रहे है। भगवान राम जैसे ही अयोध्या से रवाना होते है सकल अयोध्यावासी रोने लगते है उनके साथ लक्ष्मण और सीता भी जाती हैं ।इसी वियोग में राजा दशरथ की मृत्यु हो जाती हैं। उपरोक्त राम लीला में राम का रोल सिंटू मिश्रा,सीता कार्तिकेय विश्वकर्मा, लक्षण ईश्वर दुबे ,मंथरा सोनू तिवारी, वशिष्ठ पप्पू पांडे, दशरथ ओम प्रकाश तिवारी (बबलू), कैकयी साजन तिवारी, सुमंत बड़े चौबे,कौशल्या का रोल चंदन पांडे ने अदा किया।

# कृषि अवस्थापना निधि के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में 16 सदस्यीय जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में कृषि अवस्थापना निधि ( ए0आई0एफ0 ) के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में 16 सदस्यीय जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक की गयी। बैठक में सहायक आयुक्त एंव सहायक निबन्धक सहकारिता जौनपुर द्वारा निधि के सम्बन्ध में जारी शासनादेश / दिशा निर्देश से सभी सम्बन्धित को अवगत कराया गया कि कृषि अवस्थापना निधि, पोस्ट हार्वेस्ट अवस्थापना विकास हेतु भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी स्कीम है जिसके अन्तर्गत पोस्ट हार्वेस्ट अवस्थापना का विकास कर कृषि उत्पादों की हानि को रोक कर किसानों की आय बढ़ाने में सहयोग प्राप्त होगा। इस योजना के अन्तर्गत मध्य–दीर्घकालीन ऋण सुविधा प्रदान की जाती है। योजनान्तर्गत इसमें रुपये 02.00 करोड़ की सीमा तक 03 प्रतिशत वार्षिक व्याज उपादान दिया जाता है साथ ही यह योजना ऋण गारन्टी CGTMSE योजना एंव एफ०पी०ओ० प्रोत्साहन योजना से आच्छादित है ( रू0 2 करोड़ के ऋण तक) प्रदेश सरकार द्वारा आत्म निर्भर कृषक समन्वित विकास योजना अन्तर्गत 3 प्रतिशत अतिरिक्त व्याज उपादान दिया जाता है इस प्रकार कुल व्याज उपादान 6 प्रतिशत है। इस योजना की अनुदान अवधि अधिकतम 07 वर्ष है। योजना के अन्तर्गत कृषि उत्पादक विपणन समिति, कृषि उद्यमी, कृषक, एफ०पी०ओ०, विपणन सहकारी समितियां प्रारम्भिक कृषि ऋण सहकारी समिति, पी०सी०डी०एफ०



स्वयं सहायता समूह, बहुउद्देशिय सहकारी समिति, स्टार्टअप केन्द्र / स्थानीय निकायों द्वारा समर्थित पी०पी०पी० परियोजनायें आवेदन कर सकते है ए०आई०एफ० योजना हेतु पोर्टल http%//agriinfra.dac.gov.in पर आवेदन किया जा सकता है। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा योजनान्तर्गत लाभार्थियों के द्वारा प्रोजेक्ट स्थापित करने हेतु बैंक में आवेदन करने की बात कही गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा योजना के क्रियान्वयन की अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की गयी तथा सभी सम्बन्धित अधिकारी यथा जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, महा प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र, उपायुक्त राष्ट्रीय आजिविका मिशन को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक लाभार्थियों / व्यक्तियों को योजना से आच्छादित कर लाभान्वित कराये। बैठक में सभी सम्बन्धित अधिकारियों के साथ–साथ कृषक उत्पादक संगठन (एफ०पी०ओ०) स्वयं सहायता समूह, उद्यमी, एन०जी०ओ० आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# दीपक जलाने को लेकर सास से हुई कहासुनी : विवाहिता नहर में कूदी : तलाश जारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरपतहां थाना क्षेत्र के सुइथाखुर्द गाँव में दीपक जलाने को लेकर सास से हुई कहासुनी के बाद बुधवार भोर में विवाहिता ने घर के समीप बह रही शारदा सहायक नहर में छलांग लगा दिया है।स्थानीय लोगो द्वारा घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस व ग्रामीणो ने पानी के बहाव की तरफ लगभग एक किमी आगे तक जाकर देखा। लेकिन महिला का कही अतापता नही चला सका है। पुलिस द्वारा गोताखोर बुलाकर शव की तलाश करायी जा रही है। घाट के पास से विवाहिता का मोबाइल और चप्पल बरामद किया गया। गाँव निवासी संजय गुप्ता रोजी रोजगार के चक्कर में बिहार के छपरा शहर में रह रहे है। घर पर उनकी मीनू गुप्ता 28 वर्ष अपने दो बच्चो, पांच वर्षीय पुत्र पियांशू और दो वर्षीय पुत्री मान्या के साथ रहती थी। संजय के पिता वर्षो पूर्व गुजर चुके है। बिधवा मां अपने छोटे पुत्र के साथ रह रही है। परिजनों का कहना है कि मंगलवार की शाम मीनू के घर अंधेरा देख उसकी सास ने उसे दीपक जलाने को कह दिया। जिसको लेकर सास बहू में विवाद हो गया। बुधवार की भोर मीनू अपने दोनों बच्चों को सोता हुआ छोड़कर नहर के किनारे पहुंच गई।वहीं बगल गाँव के ही दो बालक शौंच को गये थे। पहले तो मीनू कुछ देर तक फोन पर बातचीत करती रही। फिर अचानक नहर के तेज बहाव में कूद गयी। जिसे देख दोनों बालक शोर मचाते गाँव की तरफ भागे। उनकी आवाज सुन तमाम ग्रामीण नहर पर पहुंच उसकी तलाश करने लगे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल से मोबाइल फोन और चप्पल बरामद किया है। गोताखोरो की सहायता से शव की तलाश करायी जा रही है।

# धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के 120 किसानों को निशुल्क सरसो बीज कीट किया गया वितरित : सरसो की उन्नति खेती के बताए गए तरीके

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ब्लॉक सभागार के राजकीय कृषि बीज भंडार कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के 120 किसानों को निशुल्क सरसो बीज कीट वितरित किया गया। तथा कम लागत में अधिक पैदावार कैसे बढ़ाए इन तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ब्लॉक सभागार स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार कार्यालय में बुधवार को राष्टीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक क्षेत्र से आएं 120 किसानों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा के द्वारा निशुल्क सरसो बीज कीट वितरित किया गया। निशुल्क सरसो बीज कीट पाकर किसानों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में उपस्थित बीटीएम ज्ञानेश्वर मिश्र ने उपस्थित किसानों को जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की यह मंशा है कि तिलहनी फसलों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दिया जाय। बीज कीट वितरण के दौरान ही किसानों को बीज सोधन भी वितरित किया गया। जिससे किसान बीज को उपचारित कर के अपने खेतों में सरसों की बुआई करेंगे। इससे फसल में फंगस रोग नही लगेगा। मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार किसानों को मॉडल बनाने में जुटी हुई है। और इस समय प्रदेश के किसान खेती में उत्कृष्ट प्रदर्शन भी कर के प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। इस दौरान सुनील प्रताप अनुरागी, विकास सिंह, अभिमन्यु पाठक, फूलचंद मौर्य, अजीत यादव, नंदलाल निषाद, इंद्र भुवन सिंह आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य महकमा एवं नगरपंचायत कर्मियों की तमाम कोशिश के बावजूद भी मरीजों में कमी नहीं

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र में स्वास्थ्य महकमा एवं नगरपंचायत कर्मियों की तमाम कवायदो के बावजूद भी डेंगू के मरीजों में कमी नहीं आ रही है! परिणाम स्वरूप क्षेत्रवासी खौफ के साए में जी रहे हैं! 17 अगस्त से सीएचसी में डेंगू के मरीज पाए जाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है! शुरुआत बदलापुर थाना परिसर से हुई है! देखते ही देखते प्रति दिन मरीजों की संख्या प्रति दिन 30–35 पाई जाने लगी! मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मलेरिया विभाग के जिला मलेरिया अधिकारी डा0 वीपी सिंह अपनी टीम के साथ काम्बिंग करने लगे! आशाएं घर–घर मरीज चिन्हित करने के लिए सर्वे करने लगीं! नगरपंचायत के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सिंह एनटी लार्वा के छिड़काव में कर्मियों के साथ जुट गये! लखनऊ तथा वाराणसी मंडल के अधिकारियों ने भी बदलापुर में डेंगू नियंत्रण के लिए डेरा डाल दिया था! अधीक्षक डा0 संजय दुबे ने बताया कि अब तक 3035 मरीजों की जांच में 451 मरीज डेंगू पाजिटिव पाए गए हैं! तीन सौ से अधिक मरीज ठीक भी हो चुके हैं! शेष का उपचार विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है! डा0 दुबे ने बताया कि सीएफसी में डेंगू वार्ड भी उपचार के लिए बनाया गया है! उन्होंने बताया है कि पहले के सापेक्ष डेंगू के मरीजों में वर्तमान में कमी आयी है! अस्पताल में जांच एवं निःशुल्क दवाओं की व्यवस्था सुदृढ़ है! डेंगू बुखार का लक्षण तेज बुखार, सर दर्द, बदन दर्द,मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द, आंखों के पिछले भाग में दर्द,शरीर पर लाल चकत्ते , जी मचलाना एवं मिचली आना डा0 कोविदेन्द्र त्रिपाठी डेंगू से बचने के लिए बचाव ही उपाय है डेंगू से बचने के लिए बचाव ही सशक्त माध्यम है! मच्छरदानी का प्रयोग करें, पानी के बर्तनों को भरने के पहले साफ कर लें, पानी की टंकियों को ढक कर रखें, बिना उपयोग वाली वस्तूओ को नष्ट कर दें, पूरी बांह का शर्ट एवं फुल पैंट पहनें तथा बिना चिकित्सक की सलाह के कोई दवा न लें! डा0 कोविदेन्द्र त्रिपाठी डेंगू का इलाज शरीर को हाइड्रेटेड रख कर डेंगू को कन्ट्रोल में रखना एक सबसे महत्वपूर्ण तरीका है! ऐसे में पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी पीना चाहिएचाहिए ! हालांकि गम्भीर लक्षणों वाले मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत होती है! ऐसे मरीज को नसों में तरल पदार्थ यानी इंट्रावेनस फ्लूइड या इल्क्ट्रोलाइट सप्लीमेंट दी जाती है! मरीज खुद से एस्प्रिन या इबुप्रोफेन जैसी दवाओं का सेवन भूल कर न करें! क्योंकि यह दवाएं रक्तस्राव के जोखिम को बढ़ा सकते हैं! डा0 कोविदेन्द्र त्रिपाठी पन्द्रह दिन से डेंगू की बीमारी से पीड़ित हूँ! कमजोरी जरूरत से ज्यादा है! चिकित्सकों ने आराम करने की सलाह दी है! कमजोरी दूर करने के लिए कीवी, पपीता, नारियल के पानी तथा अनार का सेवन कर रहा हूँ! यह सभी फल बाजार में महंगे दाम पर बिक रहे हैं! बकरी का दूध तो सौ रूपये प्रति किलो का सेवन कर रहा हूँ! डेंगू मरीज शिव बहादुर सिंह सरायत्रिलोकी बदलापुर बदलापुर में डेंगू के मरीजों की तादाद अधिक होने के कारण बाजार में कीवी, नारियल, अनार, पपीता जैसे फलों का दाम आसमान छू रहा है! बाजार में कीवी प्रति पीस 35 रुपये, नारियल का पानी प्रति पीस 70 रुपये, पपीता पका साठ रुपये प्रति किलोग्राम तथा कच्चा पपीता पचास रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है! अंकुर निगम फल विक्रेता बदलापुर

# कोतवाली नगर क्षेत्र में समाजसेवी व व्यवहार कुशल के नाम में चर्चा में रहते हैं कोटेदार राम बहादुर यादव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली नगर क्षेत्र में समाजसेवी के रुप में अगर समाजसेवियों की गिनती की जाती है तो उसमें एक नाम समाजसेवी राम बहादुर यादव का भी नाम उभर कर सामने आता है।कोतवाली नगर क्षेत्र के कांती पुरम निवासी राम बहादुर यादव जहां एक ओर अपने आसपास रहने वाले लोगों की मदद तन मन व यथासंभव धन से भी करने से नहीं चूकते वही इसी कड़ी में वे दूर दराज के गरीब दुखियारी की मदद करने से भी पीछे नहीं रहते हैं।अगर देखा जाए तो वे पिछले तीन दशकों से कोटेदार के रूप में वजीरगंज में लोगों की सेवा करने से भी पीछे नहीं हट रहे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जितने भी ग्राहक उनके यहां राशन लेने के लिए आते हैं तो उनके कार्यों व व्यवहार से संतुष्ट होकर ही जाते हैं। यहां पर राशन लेने आने वाले उपभोक्ता उनके बारे में बताते हैं कि कोरोना काल में उन्होंने सभी उपभोक्ताओं की अपनी तरफ से कोविड नियम का पालन करते हुए भरपूर



मदद किया था। इस मौके पर उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा दिए गए सहायता के अलावा अपने तरफ से भी भरपूर मदद किया था।जिसकी तारीफ यहां पर राशन लेने आने वाले उपभोक्ता अभी भी करते हैं।यहां पर राशन लेने आने वाले उपभोक्ताओं का कहना है कि वे जहां एक ओर समय समय पर लोगों को राशन मुहैया कराने का कार्य करते हैं वहीं इसके अलावा वे अपने हैसियत के हिसाब से लोगों की मदद करने से नहीं चूकते।

# समय रहते पुनीत कोल्ड स्टोर पर पहुंचकर अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने अमोनिया गैस रिसाव को बंद कर किया सराहनीय कार्य

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बुधवार को सुबह साढ़े ग्यारह बजे कोतवाली नगर क्षेत्र के देवकाली बाईपास पर स्थित पुनीत कोल्ड स्टोर पर अमोनिया गैस के रिसाव से वहां के कर्मियों में अफरातफरी का माहौल दिखाई दे रहा था। इससे पहले वहां पर कोई बड़ा हादसा होता कि इससे पहले वहां पर तैनात किसी कर्मी ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दिया।इस घटना की सूचना मिलते ही बिना देरी किये अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंच कर सावधानी बरतते हुए अमोनिया गैस के रिसाव को बंद किया।अमोनिया गैस के रिसाव बंद होने के बाद पुनीत कोल्ड स्टोर में तैनात कर्मियों ने राहत की सांस ली और अग्निशमन विभाग के कर्मियों को धन्यवाद दिया।मालूम हो कि बुधवार को सुबह साढ़े ग्यारह बजे अग्निशमन विभाग कार्यालय पर पुनीत कोल्ड स्टोर से फोन आया कि उस जगह पर अमोनिया गैस के पाइप लाइन में रिसाव हो रहा है।जिसकी सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन



गाड़ियां घटना स्थल के लिए रवाना हो गई। घटनास्थल पर अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार पाण्डेय,चालक कर्मियों में प्रदीप गौतम, ह्रदय नाथ विश्वकर्मा, बृजपाल के अलावा फायर मैन में सुनील शुक्ला,अमन शुक्ला, अवधेश शुक्ला, बृजपाल, जीतेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य फायर कर्मियों ने पुनीत कोल्ड स्टोर के कर्मियों के सहयोग से अमोनिया गैस के रिसाव को बंद किया।

# विद्यालय में झूला गिरनें से दो मासूम दबे : एक की दर्दनाक मौत व एक गंभीर घायल


बहराइच ब्यूरो : शहर स्थित एक इंटर कालेज में बुधवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। स्कूल में लगा झूला गिरने से दो मासूम उसके नीचे दब गए। जिसमे एक मासूम की मौत हो गई। वहीं, दूसरे मासूम की हालत खराब होने पर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है। शहर स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल में बुधवार की दोपहर दो मासूम छात्र अरशान (8) पुत्र मोहम्मद उमर और प्रतीक (7) पुत्र प्रेम बिल्लो झूला झूल रहे थे। इसी दौरान झूला पलटने से दोनों उसके नीचे दब गए। जिससे अरशान की दर्दनाक मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल प्रतीक को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजा गया है। मौके पर स्कूल प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। विद्यालय में लगा कोई भी झूला जमीन में फिक्स नही है। घायल प्रतीक के परिजनों ने प्रबंधन पर दुर्घटना की जानकारी न देने का आरोप लगाया है। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट ज्योति राय, एएसपी सिटी कुंवर



ज्ञानंजय सिंह, देहात कोतवाल सतेंद्र बहादुर, नगर कोतवाल शैलेश सिंह ने पहुंच कर जांच की है। सभी विद्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखने की तैयारी कर रहे है।

## कौड़िहार आश्रम पद्धति विद्यालय में पहुंची एसआईटी ने शुरू की जांच

प्रयागराज ब्यूरो : समाज कल्याण विभाग की ओर संचालित आश्रम पद्धति बालिका विद्यालयों में हुई अनियमितता की जांच एसआईटी ने शुरू कर दी है। टीम के सदस्यों ने मंगलवार को कौड़िहार विद्यालय में दस्तावेजों की जांच तथा पूछताछ की। तीन सदस्यीय टीम यहां 14 अक्तूबर तक रहेगी। जिले में करछना, कौड़िहार, शंकरगढ़ और कोरांव में आश्रम पद्धति विद्यालय हैं। वर्ष 2018–19 से 2022–23 के दौरान इनमें वित्तीय अनियमितता की शिकायत हुई थी। इसके अलावा तीन विद्यालयों में नियम विरूद्ध पुस्तकालय अधीक्षकों को प्रधानाचार्य का कार्यभार सौंप दिया गया था। जबकि, नियमानुसार वरिष्ठत प्रवक्ता को यह जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। विभागीय जांच में इनकी पुष्टि के बाद शासन ने एसआईटी गठित कर दी थी। इसी क्रम में एसआईटी टीम के तीन में से दो सदस्य सोमवार को ही प्रयागराज पहुंच गए थे। एक अन्य सदस्य के बुधवार को आने की उम्मीद है। कौड़िहार में सबसे अधिक शिकायतें होने की बात कही जा रही है। ऐसे में सदस्य मंगलवार को कौड़िहार विद्यालय में पहुंचे और दिन भर रहे। इस दौरान उन्होंने संबंधित अफसरों से पूछताछ की। साथ ही जरूरी कागजात खंगाले। हालांकि अफसर इस बारे में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। तीन सदस्यीय जांच टीम ने पाई थी अनियमितता आश्रम पद्धति बालिका विद्यालयों में वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितता की शिकायतों पर शासन की ओर से इसी वर्ष मई में समाज कल्याण अधिकारी अलख निरंजन मिश्र की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई थी। सदस्यों ने दो से चार मई के बीच विद्यालयों में




जाकर पूछताछ की थी। साथ ही दस्तावेजों की जांच की थी। सदस्यों ने पाया था कि अनुदान संख्या 80 और 83 के अंतर्गत आवंटित समान एवं वितरण में गड़बड़ी हुई है। गुणवत्ता से भी समझौता किया गया है। सदस्यों ने विभिन्न योजनाओं के तहत हुए भुगतान की बाबत मांग पत्र तथा वर्क ऑर्डर की भी मांग की थी लेकिन अफसर आधे–अधूरे कागजात ही उपलब्ध करा सके। 20 हजार से एक लाख रुपये के कई भुगतान थे जिनका मांगपत्र एवं वर्कऑर्डर से संबंधित दस्तावेज नहीं थे। कौड़िहार आश्रम पद्धति विद्यालय में परिसर में मिट्टी डलवाने के एवज में ही दो लाख 81 हजार रुपये का भुगतान कर दिया गया। अफसर इसका मांगपत्र और वर्कऑर्डर भी उपलब्ध नहीं करा सके। इसी तरह से प्रक्रिया पूरी किए बगैर मोबाइल की भी खरीद की गई थी। इस तरह की शिकायतें अन्य विद्यालयों में भी रही। कमेटी ने बड़े स्तर पर वित्तीय अनियमितता की आशंका जताते हुए मई के पहले सप्ताह में ही रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। करोड़ों रुपये की अनियमितता को देखते हुए शासन ने एसआईटी बैठा दी थी।

# यूपी में 25 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित : मुख्यमंत्री का निर्देश– राहत व बचाव कार्य तेज करें

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में पिछले कुछ दिनों में हुई अतिवृष्टि से उपजी परिस्थितियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए हैं कि मंत्री समूह अपने प्रभार वाले मंडलों/जनपदों में तत्काल दौरा कर राहत एवं बचाव के प्रयासों को और बेहतर बनाने में सहयोग करे। मुख्यमंत्री योगी ने अतिवृष्टि से प्रभावित सभी जिलों में राहत एवं पुनर्वास कार्य तेज करने और एडीएम/जॉइंट मैजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में जनपदीय कंट्रोल रूम को 24□7 क्रियाशील रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विगत कुछ दिनों में अत्यधिक बरसात से जनजीवन, पशुधन और खेती–किसानी पर प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिला है। कई जनपदों में जन–धन हानि की सूचना मिली है। राज्य सरकार सभी प्रभावित जनों की सुरक्षा और भरण–पोषण के लिए आवश्यक प्रबंध करने को प्रतिबद्ध है। अतिवृष्टि, आकाशीय विद्युत, सर्पदंश तथा डूबने से हुई जनहानि पर दुःख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को अनुमन्य राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने तथा घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आमजन को तत्काल मदद पहुंचाई जाए। राहत पैकेट के वितरण में देरी न हो। राहत शिविरों में प्रकाश आदि के पर्याप्त प्रबंध होने चाहिए। यह संवेदना और सहयोग का समय है। हमारी पूरी टीम को एकजुट होकर कार्य करे। मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए हैं कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न जलजनित/मच्छर जनित बीमारियों के प्रसार की आशंका होती है। साथ ही सर्पदंश की घटनाएं बढ़ने की आशंका है। ऐसे में राहत शिविरों का समीप स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं। यहां एंटी वेनम इंजेक्शन की उपलब्धता जरूर रहे। राजस्व और कृषि विभाग की टीम को गहन सर्वे करने का निर्देश कृषि फसलों पर पड़े प्रभाव की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सभी जिलों में राजस्व और कृषि विभाग की टीम गहन सर्वेक्षण करते हुए नुकसान का आकलन करे। ताकि किसानों को क्षतिपूर्ति की जा सके। मुख्यमंत्री जी ने इस कार्य को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में पशुचारे का पर्याप्त प्रबन्ध किया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के 15 जनपदों में 1500 से अधिक गांवों की लगभग 25 लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। मुख्यमंत्री ने इन सभी बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य हेतु आवश्यकतानुसार एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की टीमें तैनात करने के निर्देश दिए हैं।

# ज्ञानवापी में मुस्लिमों के प्रवेश पर रोक की मांग पर सुनवाई अब कल : मसाजिद कमेटी ने पेश की दलीलें

वाराणसी ब्यूरो : ज्ञानवापी में मुस्लिमों के प्रवेश पर रोक और मस्जिद हटा कर जमीन का कब्जा देने को लेकर दाखिल वाद की पोषणीयता के मुद्दे पर बुधवार को सुनवाई हुई। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने वाद में उठाए गए सभी बिंदुओं के अधूरे हिस्से को आगे बढ़ाते हुए दलीलें पूरी कर लीं। अदालत में अभी दलील जारी है। सुनवाई को जारी रखते अदलात ने गुरुवार की तिथि नियत कर दी। जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में अंजुमन पक्ष की ओर से अधिवक्ता रईस अहमद व एखलाक अहमद आदि ने दलील में कहा कि प्रॉपर्टी ऑफ डिस्प्यूट स्पष्ट नहीं है। वाद लाने का क्या कारण है यह भी नहीं बताया गया है। मामले में पक्षकार कैसे प्रभावित है यह भी स्पष्ट नहीं है। सिविल कोर्ट को इस मामले को सुनने का अधिकार नहीं अंजुमन इंतजामिया पक्ष की ओर से कहा गया कि आदिविश्वेश्वर नाम के देवता है ही नहीं। जबकि वाद आदिविश्वेश्वर भगवान विराजमान व किरन सिंह पांच अन्य की तरफ से दाखिल किया गया है। वाद में विवादित संपत्ति को मस्जिद बताया गया है जो वर्ष 1669 की बताई गई है। मस्जिद वक्फ



की संपत्ति है और यह संपत्ति सेंट्रल सुन्नी वक्फ बोर्ड में दर्ज है। मामले में वक्फ बोर्ड को पक्षकार ही नहीं बनाया गया है। संपत्ति वक्फ बोर्ड की है। ऐसे में सिविल कोर्ट को इस मामले को सुनने का अधिकार नहीं है। मामले की सुनवाई का अधिकार लखनऊ स्थित वक्फ बोर्ड को है। अदालत में अभी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की दलील जारी है। कोर्ट ने सुनवाई को जारी रखते हुए गुरुवार की तिथि नियत कर दी।

# गंगा में चलेगा देश का पहला मिनी सोलर लग्जरी क्रूज : खासियत जानकर आप हो जाएंगे दीवाने

वाराणसी ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में गंगा की लहरों से घाटों का सौंदर्य निहारने के लिए आने पर्यटकों के लिए खुशखबरी है। भोले की नगरी में अब मिनी सोलर लग्जरी क्रूज का लुफ्त उठाया जा सकता है। यह क्रूज अपने तय स्थान से पर्यटकों को सिर्फ काशी विश्वनाथ धाम का दर्शन कराएगा। वाराणसी में पहले से चल रहे अलकनंदा क्रूज लाइन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विकास मालवीय ने बताया कि जल्द ही गंगा में सोलर एनर्जी से चलने वाला मिनी लग्जरी क्रूज लाने की योजना है। नमो घाट और संत रविदास घाट से मिनी लग्जरी क्रूज के संचालन का प्रस्ताव सरकार के पास भेजा जा रहा है। मंजूरी मिलते ही पर्यटकों के लिए क्रूज का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। सौर ऊर्जा से चलने वाला मिनी लग्जरी क्रूज पर्यावरण संरक्षण में काफी सहायक होगा। 15 से 20 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाले इस क्रूज में एक बार में करीब 25 से 30 लोग सवार हो सकेंगे। पूरा क्रूज वातानुकूलित होगा। इसमें कैफेटेरिया और बायो टॉयलेट के साथ ही सुरक्षा के अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन किया जाएगा। काशी का विकास मॉडल देशभर में चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदृष्टि का ही नतीजा है कि काशी का विकास मॉडल देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए देश में पहली बार रोपवे सेवा इसी शहर से शुरू होनी है। काशी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए पहले से गंगा में सीएनजी बोट व और पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए सीएनजी ऑटो व विभिन्न मार्गों पर इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं। बहुत जल्द गंगा में मिनी सोलर लग्जरी क्रूज भी चलेगा। ये क्रूज विशेष तौर पर उन पर्यटकों के लिए होगा जो काशी विश्वनाथ धाम का दर्शन करना चाहते हैं। अलकनंदा और भागीरथी क्रूज ने जीता सैलानियों का दिल दुनिया के सबसे पुराने शहरों में से एक है माना जाता है वाराणसी, जो दुनियाभर में अपने घाटों के लिए प्रसिद्ध है। लेकिन अब वाराणसी के घाटों पर सुकून से बैठने



के अलावा आप गंगा नदी पर लग्जरी क्रूज की सवारी भी कर सकते हैं। काशी के पर्यटन बाजार को क्रूज और रोरो बोट ने नई ऊंचाई प्रदान की है। गंगा में अलकनंदा और भागीरथी क्रूज सुबह और शाम रविदास घाट से राजघाट तक सैर करा रहे हैं। क्रूज से गंगा की सैर करने के लिए अलकनंदा की वेबसाइट पर जाकर बुकिंग करानी होती है। काशी विश्वनाथ धाम देखने आ रहे पर्यटक क्रूज और रोरो बोट से गंगा से काशी भ्रमण करने को प्राथमिकता दे रहे हैं। प्रतिदिन क्रूज की बुकिंग करीब–करीब फुल रहती है।

## जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा अधिशासी अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी नगर पालिका परिषद नगर पंचायतों में व्यापक रूप से सफाई अभियान शुरू किया जाए। प्रत्येक मोहल्ले में नालियों की साफ–सफाई एवं फागिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाना सुनिश्चित करें।अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर संतोष मिश्रा को निर्देशित किया कि चौकिया धाम में गेस्ट हाउस व अन्य कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिशासी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र के एमओआईसी से समन्वय कर डेंगू के रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय सहित समस्त अधिशासी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एनबीडब्ल्यू के दो अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस ने बुधवार को मारपीट के एक पुराने मामले में वांच्छित गैर जमानती वारंट के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी विवेक तिवारी ने उक्त सन्दर्भ में बताया कि क्षेत्र के कसनहीं गाँव के मारपीट के एक मामले में मनोज कुमार तथा पोपट यादव के विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। बुधवार को वे हमराहियों के साथ वारंट तामील कराने कसनहीं गाँव पहुँचे तो वे दोनों अपने अपने घर पर मौजूद मिले। दोनो को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

# सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर से बाढ़ की चपेट में 83 परिवार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रदेश में लगातार भीषण बारिश के चलते जहां एक ओर जनजीवन अस्त व्यस्त हैं।वही चारों ओर जलभराव ही जलभराव दिखाई दे रहा है। वही इसी कड़ी में लगातार भारी बारिश के चलते अयोध्या नगरी स्थित सरयू ने विकराल रूप धारण किया है। वही सरयू नदी की जलधारा खतरे के निशान से 73 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।जानकारो की मानें तो हर घंटे सरयू नदी का जलस्तर 1 सेंटीमीटर बढ़ रहा है। जानकारी के मुताबिक रुदौली के 2 गांव के 83 परिवार बाढ़ की चपेट में तो वही सोहावल तहसील के एक गांव में बाढ़ का पानी आ गया है। वही इसी कड़ी में किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए वहां पर एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू में तैनात की गई है।

## पति ने की पत्नी की निर्मम हत्या : गलत संबंधों के शक में हत्या का आरोप

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) पति अपनी ही पत्नी की निर्मम हत्या कर फरार हो गया। हरदोई जिले के कोतवाली शाहाबाद क्षेत्र के नवीपुर गांव में बुधवार सुबह पति ने पहले तो पत्नी को डंडों से मारा–पीटा इसके बाद गला दबाकर हत्या करने के बाद मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि इससे पूर्व भी मृतका का पति गुलफाम ने अपनी पत्नी फरीन बानो को पहले भी गलत संबंधों के शक में कई बार मारा–पीटा था, जिसकी गांव में ही आपसी पंचायत कर सुलह–समझौता करा दिया गया था,लेकिन इसके बाबजूद दोनों में झगड़ा होता रहता था। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली शाहाबाद पुलिस,सीओ हेमंत उपाध्याय, एसपी राजेश द्विवेदी हरदोई ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच–पड़ताल की। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि मृतक महिला के मौत के कारणों की अभी कोई पुष्टि नहीं हो सकी है।पुलिस जांच में जुटी है,हालांकि पति पर हत्या के आरोप लगाए जा रहे हैं।इस हत्या में पति पर शंका है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# राम वन– गमन का दृश्य देख भावविभोर हुए दर्शक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर पंचायत रामपुर में श्री प्रधान नगर रामलीला समिति द्वारा चल रहे रामलीला मंचन में मंगलवार को राम वन– गमन का दृश्य देखकर दर्शक भाव विभोर हो गये। जब राजा दशरथ से रानी कैकई अपने वचन में प्रभु श्री राम के लिए 14 वर्षों का वनवास तथा अपने पुत्र भरत को राजगद्दी मांगती है ,तो राजा दशरथ विलाप करते हैं और बोलते हैं कि रानी कोई दूसरा वर मांग लो परंतु रानी कैकेयी अपने वरदान पर अड़ी हुई होती है । तब प्रभु श्री राम अपने पिता की आज्ञा का पालन करने हेतु 14 वर्षों के लिए बन के लिए रवाना होते हैं। साथ में लक्ष्मण व सीता भी वन जाने के लिए रवाना होते हैं । जहां पर पूरे अयोध्यावासी रोने लगते हैं। जिसे देख दर्शकों की आंखें नम हो जाती हैं।

# अचानक बैंक का सायरन बजा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के खुटहन मार्ग पर सोंधी में स्थित बुधवार को अलसुबह एक बैंक का सायरन बजने से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। मकान मालिक के सूचना पर पहुंचे कैशियर ने छानबीन कर सायरन बंद किया। बुधवार की सुबह छह बजे सोंधी स्थित बड़ौदा यूपी बैंक शाखा का सायरन अचानक बज उठा। सायरन बजते ही आसपास के लोग घबरा गए। हालांकि सुबह हो जाने के कारण लोगों को बैंक में किसी अवांछनीय तत्व के घुसने की आशंका कम थी। फिर भी एहतियात के तौर पर शाखा के कैशियर को जानकारी दी गई । एक घंटे के अंदर पहुंचे कैशियर ने बैंक का ताला खोलकर सायरन बंद किया। पूरे बैंक को चेक करने पर कहीं कुछ नहीं मिला। आशंका जताई जा रही है कि किसी चूहे की वजह से सायरन बजा होगा।

### बीओ ने समीक्षा बैठक में पीआरडी जवानो पर कसा शिकंजा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महराजगंज ब्लाक सभागार में आज सुबह बुधवार पीआरडी जवानो की समीक्षा बैठक में युवा कल्याण अधिकारी महराजगंज पंकज कुमार सिह ने पीआरडी जवानो की जम कर क्लास ली ! बिना ड्रेस वाले जवानो को फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि लापरवाही किसी कीमत पर बर्दास्त नही होगी ! सभी को अपनी वर्दी ड्रेस के साथ समय से ड्यूटी करना है !अपने कर्तब्यो के प्रति यदि कही से किसी की कोई शिकायत मिली तो उसके खिलाफ कार्यवाही होगी !समीक्षा बैठक मे कुछ पीआरडी जवानो की अनुपस्थिति पर उन्हे कारण बताओ नोटिस जारी की गयी !ड्रेस न पहनकर आने वाले जयप्रकाश यादव चन्द्रभाल सिह जैसे कई जवानो को आइन्दा ऐसी लापरवाही न किये जाने की हिदायत दी गयी ! समीक्षा बैठक मे राम इकबाल छोटेलाल फूलचन्द अनरूद्ध नरसिह विकास प्रकाश चन्द चन्द्रभाल जयप्रकाश समेत डेढ़ दर्जन पीआरडी जवान उपस्थित रहे।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।